कर्नाटक सरकार

हिंदी वल्लरी

Third Language Hindi

तृतीय भाषा हिंदी



सातवीं कक्षा

7th Standard

Karnataka Text Book Society (R.)
100 Feet Ring Road,
Banashankari 3rd Stage, Bengaluru - 85

Preface

The Textbook Society, Karnataka has been engaged in producing new textbooks according to the new syllabi which in turn are designed on NCF – 2005 since June 2010. Textbooks are prepared in 12 languages; seven of them serve as the media of instruction. From standard 1 to 4 there is the EVS, mathematics and 5th to 10th there are three core subjects namely mathematics, science and social science.

NCF – 2005 has a number of special features and they are:

- Connecting knowledge to life activities
- Learning to shift from rote methods
- Enriching the curriculum beyond textbooks
- Learning experiences for the construction of knowledge
- Making examinations flexible and integrating them with classroom experiences
- Caring concerns within the democratic policy of the country.
- Make education relevant to the present and future needs.
- Softening the subject boundaries, integrated knowledge and the joy of learning.
- The child is the constructor of knowledge.

The new books are produced based on three fundamental approaches namely-

Constructive approach, Spiral approach and Integrated approach.

The learner is encouraged to think, engage in activities, master skills and competencies. The materials presented in these books are integrated with values. The new books are not examination oriented in their nature. On the other hand they

help the learner in the total development of his/her personality, thus help him/her become a healthy member of a healthy society and a productive citizen of this great country, India.

The most important objectives of teaching language are listening, speaking, reading, writing and reference work. These skills have been given a lot of importance in all the language textbooks. Along with the inculcation of these skills, fundamental grammar, opportunities for learners to appreciate beauty and imbibe universal life values have been integrated in language textbooks. When learners master these competencies, they would stop studying textbooks for the sake of passing examinations. In order to help learners master these competencies, a number of paired and group activities, assignments and project work have been included in the textbooks. It is expected that these activities would help learner master communicative skills. Ultimately, it is expected that students master the art of learning to learn and make use of these competencies in real life.

The Textbook Society expresses grateful thanks to the chairpersons, writers, scrutinisers, artists, staff of DIETs and CTEs and the members of the Editorial Board and printers in helping the Text Book Society in producing these textbooks. A few works of some writers and poets have been included in these textbooks. The textbook society is extremely grateful to them for giving their consent for the inclusion of these pieces in the textbooks.

Prof. G. S. Mudambadithaya
Coordinator
Curriculum Revision and
Textbook Preparation
Karnataka Textbook Society®
Bengaluru, Karnataka

Nagendra Kumar
Managing Director
Karnataka Textbook Society®
Bengaluru, Karnataka

प्रस्तावना

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार यह पाठ्य पुस्तक **‘हिंदी वल्लरी’** सातवीं कक्षा की तृतीय भाषा हिंदी के लिए तैयार की गयी है। पाठों का चयन करते समय भाषा की सरलता, सुबोधता तथा छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व के पूर्ण विकास को ध्यान में रखा गया है। अतः इसमें जीवन-मूल्य, राष्ट्र प्रेम, सद्भावना, पर्यावरण, स्वच्छता, समानता, एकता, संस्कृति, धर्म निरपेक्षता, विज्ञान से लाभ आदि विषयों से संबंधित पाठ संकलित किये गये हैं।

‘हिंदी वल्लरी’ पाठ्य पुस्तक तैयार करने में तथा इस पाठ्य रचना को आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक बनाने में पाठ्य पुस्तक रचना समिति के सभी सदस्यों, परिशीलक, संयोजक एवं कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ के प्रबंध निदेशक, सह निदेशक तथा सहायक निदेशक आदि ने मार्गदर्शन तथा सहयोग दिया है। एतदर्थ उन सभी के प्रति मैं आभार प्रकट करता हूँ।

मैं आशा करता हूँ कि यह पाठ्य पुस्तक सम्यक् अध्ययन-अध्यापन के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।

अध्यक्ष

पाठ्य पुस्तक रचना समिति

पाठ्य पुस्तक रचना समिति

अध्यक्ष :

डॉ. टी.जी. प्रभाशंकर प्रेमी, पूर्व प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, हिंदी विभाग, बेंगलूरु विश्वविद्यालय, बेंगलूरु.

सदस्य :

श्री श्रीनिवास श्रेष्ठी टी.का, हिंदी अध्यापक, सरकारी हाइस्कूल, ब्यासिगिदेरी, ताः हगरीबोम्मनहल्ली, जिला : बल्लारि.

श्री यू. एस. कृष्णमूर्ति, हिंदी अध्यापक, श्री.जे.एस्. हाइस्कूल, यादापुर, ताः अरसीकेरे, जिला : हासन.

श्रीमती एम. निर्मलांबा, हिंदी अध्यापिका, सरकारी हाइस्कूल, होंबेगौड नगर, विल्सन गार्डन, बेंगलूरु -3

श्री अप्पु पुजारी, हिंदी अध्यापक, नेहरु हाइस्कूल, अलेऊर, उडुपी.

श्री दिनकर आर. शेट्टी, हिंदी अध्यापक, निवेदिता हाइस्कूल बसूर, ताः कुंदापुर जिला, उडुपी

श्री एम. चन्नप्पा, कलाकार, सरकरी हाइस्कूल, चिक्कपेटे, बेंगलूरु.

परिशीलक :

प्रो. बी. वै. ललितांबा, पूर्व प्रोफेसर, हिंदी विभाग, देवी अहिल्या महिला विश्वविद्यालय, इंदौर (मध्य प्रदेश)

संपादक मंडल :

डॉ शशिधर एल्. गुडिगेनवर, प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, हिंदी विभाग, मानस गंगोत्री, मैसूरु विश्वविद्यालय, मैसूरु.

डॉ एस. रंगनाथ, हिंदी विभाग, नैशनल कॉलेज, जयनगर, बेंगलरु.

प्रधान संयोजक :

श्री जी.एस. मुडंबडिताय, संयोजक, पाठ्य पुस्तक रचना समिति, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

सहायता और मार्गदर्शन :

श्री. नागेंद्र कुमार, प्रबंध निदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु-560085

श्रीमती सी. नागमणि, उपनिदेशक , कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु

श्रीमती जयलक्ष्मी सी.डी., सहायक निदेशक, कर्नाटक पाठ्यपुस्तक संघ, बेंगलूरु

ಪರಿಷ್ಕರಣೆ ಕುರಿತು

ಒಂದರಿಂದ ಹತ್ತನೇ ತರಗತಿಯ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಬಗ್ಗೆ ಪ್ರಕಟಗೊಂಡ ಸಾರ್ವಜನಿಕ ಅಭಿಪ್ರಾಯಗಳನ್ನು ಗಮನಿಸಿ ಮಾನ್ಯ ಮುಖ್ಯಮಂತ್ರಿಯವರೂ ಅರ್ಥಸಚಿವರೂ ಆಗಿರುವ ಶ್ರೀ ಸಿದ್ದರಾಮಯ್ಯನವರು ತಮ್ಮ 2014–15ರ ಬಜೆಟ್‌ನಲ್ಲಿ ತಜ್ಞರ ಸಮಿತಿಯನ್ನು ರಚಿಸುವ ಘೋಷಣೆ ಮಾಡಿದರು. ತಜ್ಞರು ಅನುಸರಿಸಬೇಕಾದ ಮೂಲ ಆಶಯವನ್ನು ಹೀಗೆ ಹೇಳಿದರು: "ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಸಾಮಾಜಿಕ ಸಾಮರಸ್ಯ, ನೈತಿಕಮೌಲ್ಯಗಳು, ವ್ಯಕ್ತಿತ್ವವಿಕಸನ, ವೈಜ್ಞಾನಿಕ ಮತ್ತು ವೈಚಾರಿಕ ಮನೋಭಾವ, ಜಾತ್ಯಾತೀತತೆ ಮತ್ತು ರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಬದ್ಧತೆಗಳಿಗೆ ಅನುವಾಗುವಂತೆ ತಜ್ಞರ ಸಮಿತಿಯನ್ನು ಪುನರ್‌ರಚಿಸಲಾಗುವುದು" – ಇದು ಬಜೆಟ್ ಭಾಷಣದಲ್ಲಿ ಸಾದರಪಡಿಸಿದ ಆಶಯ.

ಆನಂತರ ಶಿಕ್ಷಣ ಇಲಾಖೆಯು ಒಂದರಿಂದ ಹತ್ತನೇ ತರಗತಿಯವರೆಗಿನ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಪರಿಷ್ಕರಣೆಗಾಗಿ 27 ಸಮಿತಿಗಳನ್ನು ರಚಿಸಿ ದಿನಾಂಕ: 24.11.2014 ರಂದು ಆದೇಶ ಹೊರಡಿಸಿತು. ಈ ಸಮಿತಿಗಳು ವಿಷಯವಾರು ಮತ್ತು ತರಗತಿವಾರು ಮಾನದಂಡಕ್ಕನುಗುಣವಾಗಿ ರಚಿತವಾದವು. ವಿವಿಧ ಪಠ್ಯವಿಷಯಗಳಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ ತಜ್ಞರು, ಅಧ್ಯಾಪಕರು ಈ ಸಮಿತಿಗಳಲ್ಲಿದ್ದಾರೆ. ಈಗಾಗಲೇ ಲಿಖಿತವಾಗಿ ಬಂದಿರುವ ಅನೇಕ ಆಕ್ಷೇಪಗಳು ಮತ್ತು ವಿಶ್ಲೇಷಣೆಗಳನ್ನು ಪರಿಶೀಲಿಸಿ, ತಪ್ಪು ಒಪ್ಪುಗಳ ಬಗ್ಗೆ ನಿರ್ಣಯಿಸಿ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಪರಿಷ್ಕರಿಸುವ ಹೊಣೆಹೊತ್ತ ಈ ಸಮಿತಿಗಳಿಗೆ 'ಅಗತ್ಯವಿದ್ದಲ್ಲಿ ಪಠ್ಯವಸ್ತುವನ್ನು ಪರಿಷ್ಕರಿಸಿ ನಂತರ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಪರಿಷ್ಕರಿಸುವ' ಸ್ವಾತಂತ್ರ್ಯವನ್ನು 24.11.2014ರ ಆದೇಶದಲ್ಲೇ ನೀಡಲಾಗಿತ್ತು. ಆನಂತರ 19.09.2015 ರಂದು ಹೊಸ ಆದೇಶ ಹೊರಡಿಸಿ 'ಅಗತ್ಯವಿದ್ದಲ್ಲಿ ಪುನರ್ ರಚಿಸುವ' ಸ್ವಾತಂತ್ರ್ಯವನ್ನು ನೀಡಲಾಯಿತು. ಹೀಗೆ ಸಮಗ್ರ ಪರಿಷ್ಕರಣೆಗೊಂಡ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು 2016–17ರ ಬದಲು 2017–18ನೇ ಶೈಕ್ಷಣಿಕ ವರ್ಷದಲ್ಲಿ ಜಾರಿಗೊಳಿಸಲಾಗುವುದೆಂದು ಇದೇ ಆದೇಶದಲ್ಲಿ ತಿಳಿಸಲಾಯಿತು.

ಅನೇಕ ವ್ಯಕ್ತಿಗಳೂ ಸಂಘಟನೆಗಳೂ ಸ್ವಯಂಪ್ರೇರಿತರಾಗಿ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಮಾಹಿತಿದೋಷ, ಆಶಯದೋಷಗಳನ್ನು ಪಟ್ಟಿಮಾಡಿ ಶಿಕ್ಷಣ ಸಚಿವರಿಗೆ, ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘಕ್ಕೆ ಕಳುಹಿಸಿದ್ದರು. ಅವುಗಳ ಪರಿಶೀಲನೆಮಾಡಿದ್ದಲ್ಲದೆ, ಸಮಿತಿಗಳಾಚೆಗೆ ಅನೇಕ ಸಂವಾದಗಳನ್ನು ಏರ್ಪಡಿಸಿ ವಿಚಾರ ವಿನಿಮಯ ಮಾಡಿಕೊಂಡಿದ್ದೇವೆ. ಪ್ರಾಥಮಿಕ ಮತ್ತು ಪ್ರೌಢಶಾಲಾ ಅಧ್ಯಾಪಕರ ಸಂಘಗಳ ಜೊತೆ ಚರ್ಚಿಸಿದ್ದಲ್ಲದೆ ಪ್ರಶ್ನಾವಳಿ ಸಿದ್ಧಪಡಿಸಿ ಅಧ್ಯಾಪಕರಿಗೆ ಕಳಿಸಿ ಅಭಿಪ್ರಾಯಗಳನ್ನು ಸಂಗ್ರಹಿಸಲಾಗಿದೆ. ಅಧ್ಯಾಪಕರು, ವಿಷಯಪರಿವೀಕ್ಷಕರು ಮತ್ತು ಡಯಟ್ ಪ್ರಾಂಶುಪಾಲರ ಪ್ರತ್ಯೇಕ ಸಭೆಗಳನ್ನು ನಡೆಸಿ ವಿಶ್ಲೇಷಣಾತ್ಮಕ ಅಭಿಮತಗಳನ್ನು ಪಡೆಯಲಾಗಿದೆ. ವಿಜ್ಞಾನ, ಸಮಾಜವಿಜ್ಞಾನ, ಗಣಿತ, ಭಾಷೆ ಸಾಹಿತ್ಯಗಳಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ ತಜ್ಞರಿಗೆ ಮೊದಲೇ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಕಳುಹಿಸಿ ಆನಂತರ ಸಭೆ ನಡೆಸಿ ಚರ್ಚಿಸಲಾಗಿದೆ. ಮಹಿಳಾ ಸಂಘಟನೆ ಹಾಗೂ ವಿಜ್ಞಾನ ಸಂಬಂಧಿ ಸಂಸ್ಥೆಗಳನ್ನು ಆಹ್ವಾನಿಸಿ ಚಿಂತನೆ ನಡೆಸಲಾಗಿದೆ. ಹೀಗೆ ಎಲ್ಲಾ ಮೂಲಗಳಿಂದ ಪಡೆದ ಅರಿವಿನ ಆಧಾರದ ಮೇಲೆ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಅಗತ್ಯವಿದ್ದಕಡೆ ಪರಿಷ್ಕರಿಸಲಾಗಿದೆ.

ಬಹುಮುಖ್ಯವಾದ ಇನ್ನೊಂದು ಸಂಗತಿಯನ್ನು ಇಲ್ಲಿ ಹೇಳಬೇಕು. ಕೇಂದ್ರೀಯ ಶಾಲಾ (N.C.E.R.T) ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಜೊತೆ ರಾಜ್ಯದ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ತೌಲನಿಕವಾಗಿ ಅಧ್ಯಯನ ಮಾಡಿ ಸಲಹೆಗಳನ್ನು ನೀಡಲು ವಿಜ್ಞಾನ, ಗಣಿತ ಮತ್ತು ಸಮಾಜವಿಜ್ಞಾನಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದಂತೆ ತಜ್ಞರ ಮೂರು ಸಮಿತಿಗಳನ್ನು ರಚಿಸಲಾಯಿತು. ಈ ಸಮಿತಿಗಳು ನೀಡಿದ ತೌಲನಿಕ ವಿಶ್ಲೇಷಣೆ ಮತ್ತು ಸಲಹೆಗಳನ್ನು ಆಧರಿಸಿ ರಾಜ್ಯ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಗುಣಮಟ್ಟವನ್ನು ಹೆಚ್ಚಿಸಲಾಗಿದೆ. ಕೇಂದ್ರೀಯ ಶಾಲಾ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳಿಗಿಂತ ನಮ್ಮ ರಾಜ್ಯದ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಗುಣಮಟ್ಟ ಕಡಿಮೆಯಾಗದಂತೆ ಕಾಯ್ದುಕೊಳ್ಳಲಾಗಿದೆ. ಜೊತೆಗೆ ಆಂಧ್ರ, ತಮಿಳುನಾಡು, ಮಹಾರಾಷ್ಟ್ರ ರಾಜ್ಯಗಳ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಜೊತೆ ನಮ್ಮ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಪರಿಶೀಲಿಸಲಾಗಿದೆ.

ಇನ್ನೊಂದು ಸ್ಪಷ್ಟನೆಯನ್ನು ನೀಡಲು ಬಯಸುತ್ತೇನೆ. ನಮ್ಮ ಸಮಿತಿಗಳು ಮಾಡಿರುವುದು ಪರಿಷ್ಕರಣೆಯೇ ಹೊರತು ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಸಮಗ್ರ ರಚನೆಯಲ್ಲ.

ಆದ್ದರಿಂದ ಈಗಾಗಲೇ ರಚಿತವಾಗಿರುವ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಸ್ವರೂಪಕ್ಕೆ ಎಲ್ಲಿಯೂ ಧಕ್ಕೆಯುಂಟುಮಾಡಿಲ್ಲ. ಲಿಂಗತ್ವ ಸಮಾನತೆ, ಪ್ರಾದೇಶಿಕ ಪ್ರಾತಿನಿಧ್ಯ, ರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಸಮಗ್ರತೆ, ಸಮಾನತೆ, ಸಾಮಾಜಿಕ ಸಾಮರಸ್ಯಗಳ ಹಿನ್ನೆಲೆಯಲ್ಲಿ ಕೆಲವು ಪರಿಷ್ಕರಣೆಗಳು ನಡೆದಿವೆ. ಹೀಗೆ ಪರಿಷ್ಕರಿಸುವಾಗ ರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ ಚೌಕಟ್ಟು ಮತ್ತು ರಾಜ್ಯ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ ಚೌಕಟ್ಟುಗಳನ್ನು ಮೀರಿಲ್ಲವೆಂದು ತಿಳಿಸಬಯಸುತ್ತೇನೆ. ಜೊತೆಗೆ ನಮ್ಮ ಸಂವಿಧಾನದ ಆಶಯಗಳನ್ನು ಅನುಸರಿಸಲಾಗಿದೆ. ಸಮಿತಿಗಳು ಮಾಡಿದ ಪರಿಷ್ಕರಣೆಯನ್ನು ಮತ್ತೊಮ್ಮೆ ಪರಿಶೀಲಿಸಲು ವಿಷಯವಾರು ಉನ್ನತ ಪರಿಶೀಲನ ಸಮಿತಿಗಳನ್ನು ರಚಿಸಿ ಅಭಿಪ್ರಾಯಪಡೆದು ಅಳವಡಿಸಲಾಗಿದೆ.

ಹೀಗೆ ಕ್ರಮಬದ್ಧವಾಗಿ ನಡೆದ ಕೆಲಸಕ್ಕೆ ತಮ್ಮನ್ನು ತಾವು ಸಂಪೂರ್ಣ ತೊಡಗಿಸಿಕೊಂಡ 27 ಸಮಿತಿಗಳ ಅಧ್ಯಕ್ಷರು ಮತ್ತು ಸದಸ್ಯರನ್ನು ಹಾಗೂ ಉನ್ನತ ಪರಿಶೀಲನಾ ಸಮಿತಿಯ ಸಮಸ್ತರನ್ನು ಕೃತಜ್ಞತೆಯಿಂದ ನೆನೆಯುತ್ತೇವೆ. ಅಂತೆಯೇ ಸಮಿತಿಗಳ ಕೆಲಸ ಸುಗಮವಾಗಿ ನಡೆಯುವಂತೆ ವ್ಯವಸ್ಥೆಮಾಡಲು ಕಾರ್ಯಕ್ರಮ ಅಧಿಕಾರಿಗಳಾಗಿ ನಿಷ್ಠೆಯಿಂದ ದುಡಿದ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘದ ಎಲ್ಲಾ ಅಧಿಕಾರಿಗಳನ್ನೂ ನೆನೆಯುತ್ತೇವೆ. ಸಹಕರಿಸಿದ ಸಿಬ್ಬಂದಿಗೂ ನಮ್ಮ ವಂದನೆಗಳು. ಅಭಿಪ್ರಾಯ ನೀಡಿ ಸಹಕರಿಸಿದ ಸರ್ವ ಸಂಘಟನೆಗಳು ಮತ್ತು ತಜ್ಞರಿಗೆ ಧನ್ಯವಾದಗಳು.

ಎಂ.ಪಿ. ಮಾದೇಗೌಡ
ವ್ಯವಸ್ಥಾಪಕ ನಿರ್ದೇಶಕರು
ಕರ್ನಾಟಕ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘ (ರಿ)
ಬೆಂಗಳೂರು–85

ಪ್ರೊ. ಬರಗೂರು ರಾಮಚಂದ್ರಪ್ಪ
ಸರ್ವಾಧ್ಯಕ್ಷರು
ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಪರಿಷ್ಕರಣ ಸಮಿತಿ
ಕರ್ನಾಟಕ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘ (ರಿ)
ಬೆಂಗಳೂರು–85

पाठ्य पुस्तक परिष्करण समिति

सर्वाध्यक्ष :

प्रो. बरगूरु रामचंद्रप्पा, अध्यक्ष, कर्नाटक राज्य पाठ्य पुस्तक परिष्करण समिति, बेंगलूरु.

सहयोग :

श्री एम.पि. मादेगौडा, प्रबंध निदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु-560085

श्री के.जि. रंगय्या, उपनिदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

अध्यक्ष:

डॉ. एम. विमला, प्रोफेसर एवं अध्यक्षा, हिंदी विभाग, बेंगलूर विश्वविद्यालय, बेंगलूरु-560 056

सदस्य :

डॉ. बी. एस. सुब्बलक्ष्मी, हिंदी प्रवक्ता (अवकाश प्राप्त) 558, 7 'ए' मुख्य रास्ता, 'ए' सेक्टर, यलहंका न्यू टाऊन, बेंगलूरु - 560 064.

डॉ. रागिनी. आर, हिंदी अध्यापिका (स्वैच्छिक अवकाश प्राप्त) 738/4, सोप्पिनकोला स्ट्रीट, काशीपति अग्रहार, के.आर. मुहल्ला, मैसूरु - 24

डॉ. सौम्या जटला, हिंदी अध्यापिका, क्राईस्ट जूनियर कॉलेज, बेंगलूरु - 560 029.

श्री. शशिधर सिंह, हिंदी अध्यापक, सरकारी हाईस्कूल, हिरेहल्लि कोप्पलु, होलेनरसीपुर (ता), हासन (जिला) 573211.

श्रीमती सी. एन. सुधा, सरकारी हाईस्कूल, हुलिकुंटे, दोड्डबल्लापुर (ता) बेंगलूरु ग्रामांतर (जिला)

श्री. जी. एच. मंजुनाथ, सरकारी हाईस्कूल, कोलगी, शिकारीपुरा (ता) शिवमोग्गा (जिला)

उन्नत परिशीलन समिति :

डॉ. काशीनाथ अंबलगे, अवकाश प्राप्त प्रोफेसर, गुलबर्गा विश्वविद्यालय, कलबुरगि.

डॉ. के.ए. सेबास्टियन, क्राइस्ट विश्वविद्यालय, होसूर रोड, बेंगलूरु

डॉ. गणेश पवार, कर्नाटक केंद्रीय विश्वविद्यालय, कलबुरगि.

कलाकार:

श्री डी. एन. वेंकटेश, सरकारी हाईस्कूल, उरमार केसलगेरे, मंड्या जिला.

कार्यक्रम संयोजक :

श्रीमती जयलक्ष्मी सी.डी., सहायक निदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

अनुक्रमणिका

U3C5E7

क्र.सं.	पाठ	विधा	पृ.सं.
	सेतुबंध		1
1.	पढ़ना है जी पढ़ना है	कविता	4
2.	अध्यापक और विद्यार्थी	वार्तालाप	9
3.	सुनो मेरी कहानी	पर्यावरण बोध	15
4.	मैं भी नाम कमाता	कविता	23
5.	जिसकी मेहनत उसकी जीत	नीतिपरक कहानी	28
6.	हमारे राष्ट्रीय प्रतीक	सरल निबंध	34
7.	रसोईघर	कविता	41
8.	गिनती (50-70)		47
9.	दिल्ली	ऐतिहासिक स्थल-परिचय	49
10.	मेरी अभिलाषा है	कविता	57
11.	समझदार राजू	लघुकथा	61
12.	मित्र के नाम पत्र	पत्र-लेखन	69
13.	बोल उठी बिटिया	कविता	74
14.	अक्ल चली, बला टली	कहानी	78
15.	गिनती (71-100)		86
16.	बूँद-बूँद से सागर	कविता	89
17.	सिकंदर और पुरूरवा	एकांकी	94
	पूरक वाचन		

सेतुबंध

I वर्णमाला लिखो:

II स्वर और व्यंजनों को पहचानकर लिखो:

अ	च	ओ	क	म	त
ध	य	ख	छ	ट	ऊ
ण	उ	द	अः	इ	ष
ए	औ	ई	फ	आ	घ
थ	प	भ	श	ऐ	ङ
ड	ग	अं	ऋ	स	झ

स्वर	व्यंजन	व्यंजन

III अंतर समझो और दो बार लिखो:

ख	स	1.	2.
ङ	ड	1.	2.
च	ज	1.	2.
ट	ढ	1.	2.
ड	इ	1.	2.
त	न	1.	2.
ध	घ	1.	2.
प	ष	1.	2.

भ	म	1.			2.			
थ	य	1.			2.			

IV इन अक्षरों की बारहखड़ी लिखो:

1. ग 2. च 3. ण

4. द 5. भ

V उचित चिह्न लगाकर लिखो:

[(ं बिंदु), (ँ चंद्रबिंदु), (ः विसर्ग)]

1. बदर ____ 2. पूछ ____

3. दुख ____ 4. साप ____

5. अगूर ____ 6. पुन ____

VI 'र' की सही मात्रा लगाओ:

[(र्‍ रेफ), पदेन (्र) (ॗ)]

1. खच ____ 2. चक ____ 3. राष्ट ____

4. पेम ____ 5. दपण ____ 6. मेटो ____

VII जोड़कर संयुक्ताक्षर बनाओ:

1. च् + चा = ____ 4. क् + ष = ____

2. त् + ता = ____ 5. त् + र = ____

3. ल् + ली = ____ 6. भ् + य = ____

VIII सही अक्षर भरकर समानार्थक शब्द बनाओ:

1. बालक =
2. आसान =
3. लता =
4. जोतने का साधन =
5. मेघ =
6. पानी का जीव =

		ल		
		ल		
		ल		
		ल		
		ल		
		ल		

IX खाली जगह भरो:

1. __________ काँव-काँव करता है।
2. __________ गुटरगूँ करता है।
3. __________ कुकड़ूँ-कूँ करता है।
4. __________ कूकती है।
5. __________ चिंघाड़ता है।

X 1 से 50 तक अंकों और शब्दों में लिखो।

पाठ 1

पढ़ना है जी पढ़ना है

Q7B1T2

- चंद्रपाल सिंह यादव 'मयंक'

इस कविता के द्वारा बच्चे पढ़ाई और मेहनत का महत्व समझते हैं।



पढ़ना है जी पढ़ना है
हमको ऊपर चढ़ना है।

थोड़े दिन की बात और है
जमकर खूब पढ़ेंगे हम।
इम्तहान में ताल ठोंककर
कुश्ती खूब लड़ेंगे हम।

पास इम्तहान करना है,
पढ़ना है जी पढ़ना है।

फिर गरमी की छुट्टी होगी,
होंगे मौज - मज़े के दिन।
पिक्चर होगी, पिकनिक होगी
होंगे तब मस्ती के दिन।

मेहनत से क्या डरना है,
पढ़ना है जी पढ़ना है।

पापा-मम्मी से लेने हैं,
फिर तो हमको खूब इनाम।
मेहनत करनेवालों की तो,
सदा मदद करते भगवान।

जीवन पथ पर बढ़ना है,
पढ़ना है जी पढ़ना है।

***

कवि परिचय :

चंद्रपाल सिंह यादव 'मयंक' आधुनिक हिंदी साहित्य के विख्यात कवि हैं। इनका जन्म 1 नवंबर 1925 को उत्तर प्रदेश के कानपुर में हुआ था। इन्होंने कई बालगीतों की रचना की है। इनके प्रमुख बालगीत हैं - 'स्कूल खुल गये', 'खा लो आम', 'एक रहे हैं, एक रहेंगे', 'दीपों की कतार', 'जागृति-गीत', 'किसान गीत', 'दूध मलाई' आदि। 'मयंक' कवि चंद्रपाल यादव का काव्यनाम है।

शब्दार्थ :

जमकर - दृढ़ता से, स्थिर होकर; खूब-बहुत, इम्तहान-परीक्षा, ताल ठोंकना - लड़ने के लिए तैयार होना, मस्ती-हँसी-मज़ाक, मेहनत - परिश्रम, इनाम - पुरस्कार , मदद - सहायता, पथ - मार्ग, रास्ता ।

अभ्यास

I अध्यापक के साथ बातचीत :

1. इम्तहान में पास होने के लिए हमें क्या करना चाहिए?
2. किससे डरना नहीं चाहिए?
3. मेहनत करने वालों की कौन मदद करते हैं?

4. इनाम किनसे लेना है?

5. प्रस्तुत कविता के कवि का नाम क्या है?

II कविता कंठस्थ करो।

III दो तीन वाक्यों में उत्तर लिखो:

1. भगवान से तुम क्या प्रार्थना करोगे?

2. छुट्टी के दिन तुम क्या-क्या करते हो?

IV कविता पढ़कर पूरा करो:

1. थोड़े दिन की ______________________,
______________________ पढ़ेंगे हम।

2. फिर गरमी की ______________________,
______________________ मज़े के दिन।

3. मेहनत से ______________________,
______________________ जी पढ़ना है।

4. जीवन पथ ______________________,
______________________ जी पढ़ना है।

V कन्नड में भावार्थ लिखो:

पापा - मम्मी से लेने हैं,
फिर तो हमको खूब इनाम।
मेहनत करनेवालों की तो,
सदा मदद करते भगवान।

____

____

____

____

VI नमूने के अनुसार तुकवाले शब्दों को लिखो:

पढ़ना - चढ़ना

1. _____ - _____
2. _____ - _____
3. _____ - _____
4. _____ - _____

VII नमूने के अनुसार सही अर्थवाले शब्दों का मिलान करो :

मेहनत →	सहायता
इनाम	मार्ग
मदद	परिश्रम
इम्तहान	पुरस्कार
पथ	परीक्षा

VIII इसमें पाँच खेलों के नाम छिपे हैं। ढूँढ़कर लिखो:

क्रि	च	प	गें
ड्डी	के	खो	द
ब	खो	ट	ब
क	हॉ	की	ल्ला

1. ________________
2. ________________
3. ________________
4. ________________
5. ________________

IX नीचे छः ऐसे शब्द लिखो जिनमें तीन-तीन अक्षर हों :

उदा - कमल

1. ____________
2. ____________
3. ____________
4. ____________
5. ____________
6. ____________

कविता से आगे-

* कन्नड की किसी सरल कविता कक्षा में सुनाओ।
* अखबार में छपनेवाली छोटी-छोटी कविताएँ पढ़ो।
* तुम इनमें क्या-क्या पढ़ना चाहते हो? रेखांकित करो: समाचार-पत्र, बालमित्र, महान व्यक्तियों की जीवनी, नाटक, कविता, पंचतंत्र।

पाठ 2

अध्यापक और विद्यार्थी

T6G8Z1

इस पाठ में अध्यापक और विद्यार्थी के बीच प्रश्नोत्तर चलता है। सरल वाक्यों में चलनेवाला यह सवाल-जवाब कुशल संवाद का एक नमूना है।

विद्यार्थी : नमस्ते गुरुजी।

अध्यापक : नमस्कार। तुम्हारा नाम क्या है ?

विद्यार्थी : मेरा नाम रमेश है। यह मेरी बहन है।

अध्यापक : रमेश, तुम्हारी बहन का नाम क्या है?

रमेश : मेरी बहन का नाम राधा है।

अध्यापक : राधा, तुम कहाँ पढ़ती हो ?

राधा : मैं सरकारी स्कूल में पढ़ती हूँ।

अध्यापक : यह तुम्हारा भाई है क्या रमेश ?

रमेश : हाँ, ये मेरे बड़े भाई हैं।

अध्यापक : क्या नाम है इसका ?

रमेश : इनका नाम सुहास है।

अध्यापक : तुम्हारे पिताजी क्या काम करते हैं ?

रमेश : मेरे पिताजी वकील हैं।

अध्यापक : क्या वे इसी शहर में रहते हैं ?

रमेश : जी हाँ, वे इसी शहर में रहते हैं। गुरुजी, क्या मैं आपका नाम जान सकता हूँ ?

अध्यापक : हाँ ! अवश्य, मेरा नाम पवनकुमार है। रमेश, तुम्हारा घर कहाँ है?

रमेश : हमारा घर विजयनगर में है। आपका घर कहाँ है गुरुजी?

अध्यापक : मेरा घर भी विजयनगर में है। तुम कभी मेरे घर आना, बेटा।

रमेश : हाँ गुरुजी, ज़रूर आऊँगा।

अध्यापक : अच्छा चलो, देर हो रही है।

रमेश : धन्यवाद गुरुजी। नमस्ते।

***

अभ्यास

I. सोचो और बताओ:

1) रमेश की बहन का नाम क्या है ?
2) अध्यापक का नाम क्या है ?
3) रमेश का घर कहाँ है ?

II. उत्तर लिखो:

1) राधा कहाँ पढ़ती है ?
2) रमेश के बड़े भाई का नाम क्या है ?
3) अध्यापक का घर कहाँ है ?
4) रमेश के पिताजी क्या काम करते हैं ?

III. पढ़ो, समझो और लिखो:

नमूना : 1)	अध्यापक	- अध्यापिका	अध्यापक	अध्यापिका
2)	बालक	- बालिका	________	________
3)	बहन	- भाई	________	________
4)	माता	- पिता	________	________
5)	मोर	- मोरनी	________	________

IV. जोड़कर लिखो :

नमूना : 1)	**गुरुजी**	अस्पताल	**पाठशाला**
2)	वकील	खेत	____________
3)	किसान	पाठशाला	____________

4) वैद्य न्यायालय ____________

5) व्यापारी सेना ____________

6) सिपाही दुकान ____________

V. सही वाक्यों के आगे (✓) का निशान और गलत वाक्यों के आगे (✗) का निशान लगाओ:

1) गुरुजी का घर विजयनगर में है। ( )

2) रमेश के पिताजी अध्यापक हैं। ( )

3) सुहास रमेश का छोटा भाई है। ( )

VI. इन शब्दों का अर्थ कन्नड या अंग्रेज़ी में लिखो :

1) अध्यापक ________________ 4) घर ____________

2) भाई ________________ 5) काम ____________

3) बहन ________________ 6) वकील ____________

संयुक्ताक्षर

1) त् + उ + म् + ह् + आ + र् + ई = तुम्हारी

2) स् + क् + ऊ + ल् + अ = स्कूल

3) क् + ऋ + प् + आ + ल् + उ = कृपालु

4) क् + अ + स् + ऐ + ल् + आ = कसैला

5) अं + त् + अ + त् + अः = अंततः

6) त् + र् + इ + क् + ओ + ण् + अ = त्रिकोण

7) आ + श् + र् + अ + य् + अ = आश्रय

8) स् + त् + अं + भ् + अ = स्तंभ

9) म् + उ + र् + ग् + आ = मुर्गा

10) ध् + अ + र् + म् + अ = धर्म

11) अ + ध् + य् + आ + प् + अ + क् + अ = अध्यापक

12) व् + इ + द् + य् + आ + र् + थ् + ई = विद्यार्थी

VII. वर्णों को जोड़कर शब्द बनाओ:

1) ब् + आ + ल् + अ + क् + अ =

2) भ् + ऊ + ख् + ई =

3) ब् + उ + ढ़ + इ + य् + आ =

4) त् + ऊ + फ् + आ + न् + अ =

5) द् + अ + य् + आ + ल् + उ =

भाषा - ज्ञान

VIII. इन शब्दों पर ध्यान दो :

जैसे - राधा

रमेश -	सरिता -	विजयनगर -
घर -	विद्यार्थी -	वकील -

IX. अन्य लिंग रूप लिखो :

1) बहन ________	3) विद्यार्थी ________
2) पिताजी ________	4) अध्यापक ________

X. अन्य वचन रूप लिखो :

1) घर ________

3) पत्रिका ________

2) बच्चा ________

4) शहर ________

XI. विलोम शब्द लिखो :

1) बड़ा x ________ 3) सुख x ________

2) अच्छा x ________ 4) दूर x ________

पाठ से आगे -

अध्यापक और विद्‍यार्थी इसी प्रकार दूसरे विषयों के बारे में बातचीत करें। जैसे,

1) ग्राहक और दुकानदार के बीच बातचीत।

2) छात्र अपने सहपाठियों के साथ बातचीत।

पाठ 3

सुनो मेरी कहानी

- संकलित

H4M8B5

इस पाठ के द्वारा छात्र पेड़ों की उपयोगिता और महत्ता को समझ सकते हैं। साथ ही, पेड़ों की रक्षा करने का विचार अपना सकते हैं।



आओ बच्चो ! मेरी छाया में आकर खेलो। तुम्हें देखकर मुझे बड़ी प्रसन्नता होती है। मैं तुम्हें अपनी कहानी सुनाता हूँ।

देखो मेरे तीन हिस्से होते हैं, पहला पत्ते और टहनियाँ, दूसरा तना और तीसरा जड़ें। मैं जड़ों से पानी चूस लेता हूँ। पत्तों के ज़रिए मैं हवा में साँस लेता हूँ। मेरे कई भाई हैं जिनके नाम हैं - **बरगद, पीपल, आम, इमली, आबनूस, कटहल, देवदार** आदि।

आदमी मुझे तोड़ता है, मुझे काटता है। परंतु उसकी भलाई के लिए मैं वह सब बर्दाश्त करता हूँ। मुझे काटकर वह अपना घर बनाता है, तरह-तरह के उपकरण बनाता है।

कुछ पेड़ों की लकड़ियाँ जलाने के काम आती हैं। मैं सभी को अपनी छाया देकर उनकी थकावट दूर करता हूँ।

बच्चे मुझपर पत्थर फेंकते हैं, पर मैं उन पर गुस्सा नहीं करता। उन्हें अपने फल खिलाता हूँ। कुछ नटखट लड़के मेरे तने में अपना नाम खोदते हैं। उस समय मुझे पीड़ा होती है। लेकिन मैं कुछ नहीं बोलता। चुपचाप सह लेता हूँ।

इस तरह क्या बच्चे क्या बड़े, मैं सब का काम आता हूँ।

***

शब्दार्थ :

छाया - छाँव, प्रसन्नता - खुशी, हिस्सा - भाग, तना - वृक्ष का नीचे वाला भाग जिसमें डालियाँ नहीं होतीं, जड़ें - वृक्ष का वह भाग जो भूमि में फैला रहता है, चूसना - रस लेना, ज़रिए - द्वारा, भलाई - अच्छाई, टहनियाँ - शाखाएँ, ಕೊಂಬೆಗಳು, बर्दाश्त-सहन करना।

अभ्यास

I. एक वाक्य में उत्तर लिखो:

1) बच्चों को कौन बुलाता है?

2) पेड़ किससे पानी चूस लेता है?

3) किसके ज़रिए पेड़ साँस लेता है?

4) आदमी पेड़ काटकर क्या बनाता है?

5) पेड़ पर पत्थर फेंकने पर भी, वह क्या नहीं करता?

II. अन्य वचन रूप लिखो:

बच्चा	-	लकड़ी	-
लड़का	-	टहनी	-
पत्ता	-	कहानी	-

III. विलोम शब्द लिखो:

उदा: आना x जाना

प्रसन्न x ____________________

भलाई x ____________________

काटना x ____________________

IV. पढ़ो, समझो और लिखो:

उदा: देख	-	देखना
काट	-	________________
फेंक	-	________________
तोड़	-	________________
रख	-	________________
पढ़	-	________________
बोल	-	________________
सुन	-	________________

V. जोड़कर वाक्य बनाओ:

मैं वह वे	चित्र देखता फल तोड़ते पेड़ काटता खाना बनाते लकड़ी जलाता कूड़ा फेंकते सच कहता गुस्सा करते	है। हूँ। हैं।

VI. उदाहरण के अनुसार पेड़ों के नाम ढूँढ़कर लिखो:

चा	क	ट	ह	ल
नी	का	पी	मो	स
ह	म	प	ली	दे
प	फ	ल	ज	व
आ	इ	क	ट	दा
ब	र	ग	द	र
नू	मो	आ	है	स
स	कृ	स	म	ग
ना	रि	य	ल	घ

उदा: नीम

____

____

____

____

____

____

VII. नमूने के अनुसार जोड़कर शब्द बनाओ:

मुख → प्रमुख

कार → ______________

काश → ______________

चंड → ______________

कांड → ______________

VIII.सोचो और लिखो:

जन्म दिन के शुभ अवसर पर पेड़ लगाना हो तो तुम कौन-से पेड़ लगाओगे?

मैं अपने बगीचे में ________ का पेड़ लगाऊँगी/गा।

IX. नीचे लिखे शब्दों में सही अक्षर भरो:

ब______द	इम______	______दार
आब______	______म	पी______
क____ह____	अम____द	

X. वृक्षों से प्राप्त होनेवाली वस्तुओं के नाम के आगे ✓ चिह्न लगाओ:

फूल	☐	बरतन	☐
आकाश	☐	सब्जी	☐
फल	☐	कचरा	☐
लकड़ी	☐	छाया	☐
खून	☐	ताज़ी हवा	☐

XI. चित्र से संबंधित शब्द दिये गए हैं। संख्या के सामने सही शब्द लिखोः



फूल, फल, चिड़िया, पत्ते, टहनी, तना, लकड़ियाँ, कुल्हाड़ी, पत्थर फेंकता हुआ लड़का, घोंसला, घास, छायाश्रित आदमी

पाठ से आगे -

- ✲ पुस्तकालय या इंटरनेट की सहायता से कोई एक 'पेड़ बचाओ आन्दोलन' के बारे में जानकारी प्राप्त करो।
- ✲ तुम्हारे घर के आस-पास या बगीचे में पाये जानेवाले कुछ पेड़ों के नाम जानकर लिखो।
- ✲ पेड़ काटने से होनेवाले दुष्परिणामों के बारे में कक्षा में चर्चा करो।
- ✲ औषधीय पौधों के बारे में जानकारी प्राप्त करो।
- ✲ पेड़ का चित्र बनाकर, उसमें अपने परिवार के सदस्यों का सचित्र परिचय लिखो।
- ✲ अपने घर या स्कूल में किसी पेड़ को बढ़ते हुए ध्यान से देखकर उसके संबंध में कक्षा में चर्चा करो।

पाठ 4

मैं भी नाम कमाता

P2Y5N1

फौज में भर्ती होकर देश की सेवा करने तथा राष्ट्रपति से पुरस्कार पाने के बच्चों के सपनों को कवि ने शब्द-रूप दिया है। यह कविता सचमुच बच्चों के लिए प्रेरणादायक है।

रोज़-रोज़ सीमा की ख़बरें,
सुन-सुनकर मन नन्हा मेरा,
मुस-मुसकर रह जाता।

अगर न होता छोटा बच्चा,
तो लेकर बन्दूक हाथ में,
मैं भी नाम कमाता।

झटपट होकर बड़ा फौज़ में,
एक यही बस मन में आता,
मैं भर्ती हो जाता।

माँ कितनी खुश होती जब मैं
एक बड़ा सा पुरस्कार भी
राष्ट्रपति से पाता।

***

कवि परिचय : डॉ. दिविक रमेश जी हिंदी के प्रसिद्‌ध कवि तथा बाल साहित्यकार हैं। आपकी प्रसिद्ध रचना 'खण्ड खण्ड अग्नि' है। प्रस्तुत कविता आपके 'एक सौ एक बाल कविताएँ' संग्रह से ली गयी है।

शब्दार्थ :

रोज़ - प्रतिदिन, नाम कमाना - प्रसिद्‌ध होना, सीमा - सरहद, झटपट - तुरंत, भर्ती - प्रवेश पाना, खबर - समाचार, नन्हा - छोटा, मुस-मुसकर रह जाना - मन मसोस कर रह जाना, दुःखी होना।

अभ्यास

I. उत्तर लिखो :

1) बालक रोज़-रोज़ कौन-सी खबरें सुनता है ?
2) बालक अपने हाथ में क्या लेना चाहता है ?
3) बालक किसमें भर्ती होना चाहता है ?
4) माँ कब खुश होती है ?
5) बालक कैसे बड़ा होना चाहता है ?

II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखो :

1) बालक का मन क्यों मसोसकर रह जाता है ?
2) अगर बालक छोटा नहीं होता तो क्या करता ?
3) बालक झटपट बड़ा होकर क्या करना चाहता है ?

III. इन पद्‌य भागों को जोड़कर लिखो :

1) रोज़ रोज़ सीमा - बड़ा फौज़ में __________
2) अगर न होता - होती जब मैं __________
3) झटपट होकर - की खबरें __________
4) माँ कितनी खुश - छोटा बच्चा __________

IV. इन शब्दों के लिए अन्य वचन लिखो :

1) ख़बर ________ 3) हाथ ________

2) लड़का ________ 4) पुरस्कार ________

V. इन शब्दों के लिए विलोम शब्द लिखो :

1) बड़ा x ________ 3) सुख x ________

2) एक x ________ 4) पाना x ________

VI. द्विरुक्ति शब्दों को पढ़ो और लिखो :

उदाहरण : (1) रोज़ - रोज़ ________________

(2) धीरे - धीरे ________________

(3) जल्दी - जल्दी ________________

(4) पल - पल ________________

(5) सुन - सुनकर ________________

(6) मुस - मुसकर ________________

VII. समानार्थक शब्द लिखो :

उदाहरण : लड़का - बच्चा फौज़ ________

खुश ________ रोज़ ________

पुरस्कार ________ खबर ________

VIII. बिना बारहखड़ीवाले (बिना मात्रावाले) कुछ शब्द लिखो:

नमूना:	क	ल	प	व	न	उ	प	व	न

IX. रचनात्मक अभिव्यक्ति :

चित्र देखो और दिए गए शब्दों की सहायता से वाक्य पूरा करो:

(सफेद, तीन, सलाम, चक्र, तिरंगा, केसरिया, हरा)

यह __________ झण्डा है। इसमें __________ रंग हैं। सबसे ऊपर __________ रंग है। बीच में __________ रंग है। सबसे नीचे __________ रंग है। बीचवाली पट्टी पर एक __________ है। हम तिरंगे झंडे को __________ करते हैं।

X. इन शब्दों को पढ़ो, समझो और लिखो :

उदाहरण : **खबर** - **खबर**

1) रोज़ - ____________

2) नन्हा - ____________

3) बच्चा - ____________

4) बन्दूक - ____________

5) झटपट - ____________

6) फौज़ - ____________

7) भर्ती - ____________

8) पुरस्कार - ____________

9) राष्ट्रपति - ____________

पाठ से आगे-

साहसी बच्चों की वीरता, दोस्ती आदि से संबंधित कविताएँ चुनकर कक्षा में गाओ।

पाठ
5

जिसकी मेहनत उसकी जीत

N6L1C5

इस पाठ के द्वारा छात्र मेहनत, अनुशासन तथा आत्मविश्वास जैसे मूल्यों को सीख सकते हैं।

एक चींटी चने के दाल के टुकड़े के आस-पास गोल-गोल घूम रही थी। टीलू ने पूछा - ''चींटी रानी, यह क्या कर रही हो?''



''मैं इस दाल को अपने बिल तक ले जाना चाहती हूँ।'' कह कर चींटी नाचने लगी। ''मैं तुम्हारे बिल तक पहुँचा दूँ?'' टीलू ने हमदर्दी से पूछा। चींटी बोली- ''नहीं, मैं इसे खुद ले जाऊँगी।''

''अगर तुम इसे न ले जा सकी तो क्या करोगी?'' टीलू ने धीरे से पूछा। विश्वास के साथ चींटी ने कहा-''कोशिश करने पर मैं हारूँगी नहीं।''

''तुम इतनी मेहनत करोगी?'' टीलू ने फिर पूछा। इस बार चींटी को गुस्सा आ गया। वह बोली- ''मेहनत से काम करना बहुत अच्छी बात है। चलो, अब तुम मुझे काम करने दो।'' टीलू वहाँ से चुपचाप हट गया।

थोड़ी देर बाद टीलू वहाँ गया। उसने देखा कि दाल अपनी जगह पर नहीं



थी। कुछ दूरी पर चींटियाँ कतार में एक के पीछे एक चने की दाल को घसीटे ले जा रही थीं। तब टीलू को लगा-इनसे हमें सहयोग और अनुशासन भी सीखना चाहिए।

***

शब्दार्थ :

बिल-चींटी का निवास स्थान, हमदर्दी - सहानुभूति, खुद-स्वयं, कोशिश-प्रयत्न, प्रयास ; हार - पराजय, गुस्सा- क्रोध, मेहनत - परिश्रम, कतार - पंक्ति, सहयोग - मिलकर काम करना, अनुशासन - नियम-पालन।

अभ्यास

I एक वाक्य में उत्तर लिखो:

1. चींटी कहाँ गोल-गोल घूम रही थी?
2. चींटी के प्रति हमदर्दी किसने दिखाई?
3. टीलू ने हमदर्दी से चींटी से क्या पूछा?
4. टीलू ने चींटी से क्या सीखा?

II दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखो:

1. चींटी ने विश्वास के साथ क्या कहा?
2. मेहनत करने के बारे में चींटी ने क्या कहा?

III विलोम शब्द लिखो:

1. पास x _____
2. विश्वास x _____
3. बहुत x _____
4. पीछे x _____
5. हार x _____

IV जोड़कर लिखो:

	अ	ब
1.	चींटी	मैं हारूँगी नहीं
2.	टीलू ने	काम करना
3.	कोशिश करने से	जा रही थीं
4.	मेहनत से	धीरे से पूछा
5.	एक के पीछे एक	नाचने लगी

V सही शब्दों से खाली जगह भरो:

1. मैं इसे ________ ले जाऊँगी।
2. तुम इतनी ________ करोगी?
3. दाल अपनी जगह पर ________थी।
4. हमें ________ और ________ भी सीखना चाहिए।

VI इन वर्णों को चुनकर सार्थक शब्द बनाओ:

चीं	द	में	म	क
टी	क	ह	हि	ता
को	ज	न	ल	र
शि	टी	त	दा	का
श	लू	ब	ल	म

उदा : चींटी

1. ________________
2. ________________
3. ________________
4. ________________
5. ________________
6. ________________

VII कन्नड में अनुवाद करो:

1. मैं तुम्हारे बिल तक पहुँचा दूँ?
2. चींटी को गुस्सा आया।
3. मुझे काम करने दो।
4. कतार में एक के पीछे एक जा रही थीं।

VIII सही शब्द चुनकर खाली जगह भरो:

1. राधा रमेश ______ बहन है।
   (अ) का (आ) की (इ) के
2. राधा सेंट्रल स्कूल में ______ है।
   (अ) पढ़ती (आ) पढ़ते (इ) पढ़ता
3. 'बेटा' शब्द का स्त्रीलिंग रूप ______ है।
   (अ) बेटे (आ) बेटियाँ (इ) बेटी

IX विजातीय शब्द चुनकर लिखो :

1) तोता, कबूतर, साँप, कौआ ______
2) बाघ, चीता, सिंह, गाय ______
3) बस, माता, पिता, बहन ______

X. सही वर्णों से समानार्थक शब्द लिखो:

उदाहरण

1) घर 2) पुस्तक

3) आसमान 4) भीतर

उदा:

म	का	न
	ता	
		श
अं		

भाषा - ज्ञान

संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द को **सर्वनाम** कहते हैं। जैसे - मैं, हम, तुम, आप, यह, वह, कौन, कोई आदि।

पाठ से आगे-

* 'आकार से भले ही छोटा हो, लेकिन कार्य और गुणों से महान' - ऐसे अन्य प्रेरणार्थक कहानियाँ पढ़ो।
* किस-किस जानवर से हमें कैसी सीख मिल सकती है-आपस में सवाल-जवाब का खेल खेलो।

पाठ 6

हमारे राष्ट्रीय प्रतीक

R5R8I4

छात्र इस पाठ के द्वारा राष्ट्रीय प्रतीकों का परिचय प्राप्त करके उनका सम्मान करना सीख सकते हैं।

स्वतंत्र देश की पहचान करानेवाले चिह्न राष्ट्रीय प्रतीक कहलाते हैं। भारत के राष्ट्रीय प्रतीक ये हैं-

1. राष्ट्रीय ध्वज

भारतीय ध्वज में तीन रंग हैं। केसरिया रंग त्याग और वीरता का प्रतीक है। सफेद रंग शांति और पवित्रता की निशानी है। हरा रंग समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक है। बीच में नीले रंग का अशोक-चक्र है। इसमें चौबीस तीलियाँ हैं। तिरंगा ध्वज देश की आन औरशान का प्रतीक है।

2. राष्ट्रीय चिह्न

हमारा राष्ट्रीय चिह्न अशोक स्तंभ से लिया गया है। यह चार मुखों वाला सिंह है। बीच में धर्मचक्र है। चक्र की एक ओर साँड और दूसरी ओर घोड़े का चित्र है। नीचे हिन्दी में 'सत्यमेव जयते' लिखा हुआ है।

3. राष्ट्रीय गान

भारत का राष्ट्रगान 'जन-गण-मन' है। कवीन्द्र रवीन्द्रनाथ टैगोर ने यह गीत लिखा है। राष्ट्रगान राष्ट्रीय समारोह, राष्ट्रीय पर्व तथा विद्यालयों में गाया जाता है। इसको गाने में 52 सेकेंड का समय लगता है। राष्ट्रगान की धुन सुनते ही खड़े होकर सम्मान देना हमारा कर्तव्य है।

राष्ट्रगान

जन-गण-मन अधिनायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता
पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा
द्राविड़-उत्कल-वंगा
विंध्य हिमाचल यमुना गंगा
उच्छल जलधि तरंगा
तव शुभ नामे जागे
तव शुभ आशिष मागे
गाहे तव जय-गाथा
जन-गण-मंगलदायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय जय हे।

4. राष्ट्रीय प्राणी

बाघ हमारे देश का राष्ट्रीय प्राणी है। बाघ सुन्दरता और शक्ति का प्रतीक है। इसके शरीर पर धारियाँ होती हैं। यह पशु जंगलों में तथा राष्ट्रीय अभयारण्यों में पाया जाता है।

5. राष्ट्रीय पक्षी

हमारे देश का राष्ट्रीय पक्षी मोर है। इसके पंख रंग-बिरंगे होते हैं। गर्दन नीली तथा लंबी होती है। इसका नृत्य बड़ा ही मनमोहक होता है। मोर प्रायः वर्षा ऋतु में नाचता है।



6. राष्ट्रीय पुष्प

कमल भारत का राष्ट्रीय पुष्प है। यह सत्य और पवित्रता का प्रतीक है। कमल तालाबों और झीलों के कीचड़ में खिलता है। इसकी जड़ें पानी के नीचे होती हैं। पत्ते और पुष्प ऊपर होते हैं।

ये सभी चिह्न देश की स्वतंत्रता, एकता और गौरव को प्रदर्शित करते हैं। इनका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है।

***

शब्दार्थ :

स्वतंत्र - आज़ाद, प्रतीक - चिह्न, ध्वज - झंडा, समृद्धि - संपन्नता, तीलियाँ - काड़ियाँ (लकीरें), आन - सम्मान, शान - वैभव, स्तंभ - खंभा, साँड - बैल, सत्यमेव जयते - सत्य की जीत होती है, पर्व - त्योहार, धुन - ध्वनि, धारियाँ - लकीरें, रेखाएँ ; उद्यान - बगीचा, नृत्य - नाच, मनमोहक - आकर्षक, प्रायः - अधिकतर, ऋतु - मौसम, पुष्प - फूल।

अभ्यास

I. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो :

1. हमारा राष्ट्रीय ध्वज किसका प्रतीक है ?
2. हमारे राष्ट्रीय चिह्न में क्या लिखा हुआ है ?
3. राष्ट्रगान किसने लिखा है ?
4. मोर कब नाचता है ?
5. कमल कहाँ खिलता है ?

II. निम्नलिखित वाक्यों के सामने सही (✓) या गलत (✗) का निशान लगाओ:

1. केसरिया रंग त्याग और वीरता का प्रतीक है। ☐
2. राष्ट्रीय ध्वज में चौंतीस तीलियाँ हैं। ☐
3. हमारा राष्ट्रीय चिह्न तीन मुखवाला सिंह है। ☐
4. राष्ट्रगान गाने में 52 सेकेंड लगते हैं। ☐
5. मोर की गर्दन लाल होती है। ☐

III. पढ़ो और समझो:

1. पवित्र x अपवित्र
2. सत्य x असत्य
3. एकता x अनेकता
4. विजय x पराजय
5. स्वतंत्र x परतंत्र

IV. बिंदुओं को मिलाकर मोर का चित्र बनाओ और उसमें रंग भरो:

V. सोचो, सही शब्द चुनो, चित्रों के आगे लिखो:

(राष्ट्रध्वज, राष्ट्रप्राणी, राष्ट्रपक्षी, राष्ट्रचिह्न, राष्ट्रपुष्प, अशोक चक्र)

1)

2) 

3)

4)

5)

6)

VI. का, के, की से बने वाक्य पढ़ो और समझो:

यह गीता का खिलौना है।
ये मुर्गी के अंडे हैं।
यह बुढ़िया की लाठी है।
ये रामू की पेंसिलें हैं।

वे बत्तख के बच्चे हैं।
वह बालक की किताब है।
वे मीना के गहने हैं।
वह माला का भाई है।

VII. नीचे दी गयी तालिका से अक्षरों को चुनकर सार्थक शब्द बनाओ:

ना	र	ग	य
र	भा	जा	त
मु	पु	सा	री

उदा : भारत

____

____

____

VIII. नमूने के अनुसार सही शब्द लिखो:

उदाहरण : राष्ट्रगीत - जन गण मन

1. राष्ट्रीय पक्षी → ____________________
2. राष्ट्रीय खेल → ____________________
3. राष्ट्रीय फल → ____________________
4. राष्ट्रीय फूल → ____________________
5. राष्ट्रपिता → ____________________

IX. शब्दों का खेल :

(ता) (ज) (म) (ह) (ल) - इन अक्षरों से अनेक सार्थक शब्द बनाए जा सकते हैं।

उदा : ताज, महल, ताल, हल

नीचे दी गयी अक्षर माला से सार्थक शब्द बनाओ:

1) (क) (म) (ल) (क) (क) (ड़ी)

_____ _____ _____ _____ _____ _____

2) (मा) (न) (स) (रो) (व) (र)

_____ _____ _____ _____ _____ _____

3) (स) (ह) (न) (शी) (ल) (ता)

_____ _____ _____ _____ _____ _____

पाठ से आगे -

- राष्ट्रगान 52 सेकेंड में शुद्ध उच्चारण के साथ गाने का अभ्यास करो।
- राष्ट्रीय प्रतीकों के चित्रों का संग्रह करो।
- राष्ट्रध्वज फहराने के संबंध में विशेष जानकारी प्राप्त करो ।

पाठ 7

रसोईघर

F1U5G2

छात्र इस कविता के द्वारा रसोईघर में प्रयुक्त कुछ वस्तुओं के हिंदी शब्दों के प्रयोग से परिचित होंगे।

आज रसोईघर की खिड़की,
मुन्ना-मुन्नी खोल रहे हैं।
अंदर देखा, चकला-बेलन,
चाकू-छलनी बोल रहे हैं।

मैं चाकू, सब्जी-फल काटूँ,
टुकड़ा-टुकड़ा सबको बाँटू।
गाजर-मूली प्याज़-टमाटर,
छीलो काटो रखो सजाकर।

गोल चाँद-सी हूँ मैं थाली,
बज सकती हूँ बनकर ताली।
मुझमें रोटी-सब्जी डाली,
और सभी ने झटपट खा ली।

***

शब्दार्थ :

छलनी - जालीदार उपकरण, सब्जी-तरकारी, छीलना-छिलका निकालना, झटपट - तुरंत, तत्क्षण।

अभ्यास

I उत्तर लिखो:

1. खिड़की कौन खोल रहे हैं?
2. रसोईघर के अंदर उन्होंने क्या देखा?
3. चाकू का क्या काम है?
4. थाली में किसे सजाकर रखना है?
5. थाली का आकार कैसा है?
6. सभी ने झटपट किसे खा ली?

II जोड़ी चुनकर लिखो:

1. रसोईघर	बेलन
2. चकला	मूली
3. गाजर	सब्जी
4. रोटी	खिड़की

III फल तथा सब्जियों के रंग चुनकर लिखो:

(सफेद, पीला, हरा, बैंगनी, लाल, भूरा, केसरिया)

बैंगन	____________	चीकू	____________
धनिया	____________	सीताफल	____________
टमाटर	____________	संतरा	____________
मूली	____________	सेब	____________
मिर्च	____________	केला	____________

IV विभिन्न सब्जियों के नाम लिखो:

जमीन के नीचे उगनेवाले	जमीन के ऊपर उगनेवाले	लताओं पर उगनेवाले
गाजर	बैंगन	कद्दू
________	________	________
________	________	________
________	________	________
________	________	________

V रसोईघर में पकनेवाली कौन-कौन-सी चीज़ें तुम रोज़ खाते हो? एक सूची बनाओ:

जैसे : चावल दाल

________ ________

________ ________

________ ________

________ ________

VI क्या पसंद है? क्या पसंद नहीं है?

चीज़ें	बहुत पसंद है	थोड़ा पसंद है	बिल्कुल पसंद नहीं है
जलेबी काजू बर्फी दूधपेड़ा सोहन पपड़ी			
करेला आलू सेम पालक			
आम केला अंगूर अनार			

VII कन्नड अथवा अंग्रेज़ी शब्द लिखो:

1. जीरा ______________________
2. काली मिर्च ______________________
3. मेथी ______________________
4. सरसों ______________________

5. हल्दी ____________________

6. हींग ____________________

7. चावल ____________________

8. दाल ____________________

VIII चित्रों को देखकर शब्दों को जोड़ो:

1.		चाकू
2.		पहँसुल
3.		छीलनी
4.		कैंची
5.		छलनी
6.		चकला-बेलन

IX स्वाद पहचानो और मिलान करो:

1.	करेला	मीठा
2.	हरी मिर्च	खट्टा
3.	खीर	कड़वा
4.	इमली	तीखा

X नीचे खाने-पीने की कुछ चीज़ों के नाम लिखे गए हैं। उनके आगे लिखो कि उन्हें खाया जाता है या पिया जाता है या चूसा जाता है।

आम	________________	शरबत	________________
लस्सी	________________	बर्फ	________________
गन्ना	________________	खरबूजा	________________
ककड़ी	________________	लॉली पॉप	________________
फनस	________________	चाय	________________
दही	________________	रोटी	________________
दूध	________________	गोल-गप्पे	________________

पाठ से आगे -

रसोईघर में उपयुक्त कुछ प्रमुख बर्तनों का परिचय प्राप्त करो।

पाठ
8

गिनती 51 - 70

F3X7U8

51	५१	इक्यावन	61	६१	इकसठ
52	५२	बावन	62	६२	बासठ
53	५३	तिरपन	63	६३	तिरसठ
54	५४	चौवन	64	६४	चौंसठ
55	५५	पचपन	65	६५	पैंसठ
56	५६	छप्पन	66	६६	छियासठ
57	५७	सत्तावन	67	६७	सड़सठ
58	५८	अट्ठावन	68	६८	अड़सठ
59	५९	उनसठ	69	६९	उनहत्तर
60	६०	साठ	70	७०	सत्तर

अभ्यास

नमूने के अनुसार खाली जगह भरो:

नमूना : 54	**५४**	**चौवन**
58	________	अट्ठावन
61	६१	________
65	________	पैंसठ
______	६८	________
70	________	सत्तर
63	६३	तिरसठ
55	________	पचपन
62	________	________
______	________	इक्यावन
56	________	________
______	५३	________

पाठ 9

दिल्ली

B9Z6M9

भारत की राजधानी दिल्ली के विभिन्न स्थानों का परिचय कराना इस पाठ का उद्देश्य है।

भारत हमारा देश है। दिल्ली इसकी राजधानी है। इस विशाल नगर में हम पुरानी और नयी सभ्यताओं की झलक पा सकते हैं।

लाल किला

दिल्ली का लाल किला बहुत प्रसिद्ध है। इसके दीवाने-आम और दीवाने - खास देखने लायक हैं। दीवाने - आम में साठ सुंदर खंभे हैं, जो लाल पत्थर से बने हैं। दीवाने - खास संगमरमर से बना है। इसकी भीतरी दीवारों की नक्काशी बहुत बढ़िया है।

लाल किले के पास ही जामा मसजिद है। यह बहुत बड़ी मसजिद है। यह मुगल बादशाहों की शान-शौकत की यादगार है।



कुतुबमीनार

दिल्ली से थोड़ी दूर पर कुतुबमीनार है। आसमान से बातें करनेवाली यह मीनार बहुत सुंदर है। यह दो सौ अड़तीस फुट ऊँची है।

संसद भवन

नयी दिल्ली की शोभा अनोखी है। भारत सरकार का सचिवालय यहीं पर है। संसद भवन बड़ा रमणीय है। यह गोलाकार सदन संसार में निराला है। लोक-सभा, राज्य-सभा के अधिवेशन इसी सदन में होते हैं।

राष्ट्रपति भवन

राष्ट्रपति भवन भारत के राष्ट्रपति का निवास स्थान है। राष्ट्रपति देश विदेशों के अपने अतिथियों का आदर-सत्कार यहीं पर करते हैं। राष्ट्रपति का कार्यालय भी इसी भवन में है। इस भवन के एक और भाग में वस्तु संग्रहालय भी है। उसमें कई अमूल्य प्राचीन वस्तुओं का संग्रह है।

दिल्ली में इसके अलावा राजघाट, शान्तिवन, जन्तर-मन्तर, कनॉटप्लेस, बिर्ला भवन, लक्ष्मीनारायण का मंदिर आदि अनेक दर्शनीय स्थान हैं।

***

शब्दार्थ :

झलक - झाँकी, दीवाने-आम - आम दरबार (आम आदमी के राजा से भेंट करने की जगह), दीवाने-खास - खास दरबार, नक्काशी - चित्रकारी, शान-शौकत - वैभव, यादगार-स्मारक, अनोखी - अद्भुत, निराला - सुंदर, अद्भुत; अधिवेशन - सम्मेलन।

अभ्यास

I. एक वाक्य में उत्तर लिखो:

1) भारत की राजधानी का नाम क्या है ?
2) दीवाने-आम किससे बना है ?
3) जामा मसजिद किसके पास है ?
4) नयी दिल्ली की शोभा कैसी है ?
5) भारत सरकार का सचिवालय कहाँ पर है ?

II. इन प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखो :

1) लाल किले के बारे में लिखो।
2) कुतुबमीनार के बारे में तुम क्या जानते हो?
3) संसद के बारे में लिखो।
4) राष्ट्रपति भवन क्यों निराला है?
5) दिल्ली में देखने लायक स्थान कौन-कौन से हैं ?

III. अन्य वचन रूप लिखो :

1) किला ________ 2) याद ________

3) बात ________ 4) महीना ________

IV. विलोम शब्द लिखो :

1) नया x ________ 2) भीतर x ________

3) पास x ________ 4) चढ़ना x ________

V. पर्यायवाची शब्द जानो:

1) नगर-शहर 2) मशहूर-प्रसिद्ध

3) आसमान-आकाश 4) मनोहर-सुंदर

VI. कन्नड या अंग्रेज़ी में अनुवाद करो :

1) लाल किले के पास जामा मसजिद है।

____

2) दिल्ली में कुतुबमीनार है।

____

3) दिल्ली भारत की राजधानी है।

____

4) लोक-सभा और राज्य-सभा संसद के दो सदन हैं।

____

VII. सही शब्द चुनकर खाली स्थान भरो :

1) लाल किला ________ में है।

   (चेन्नै, मुंबई, दिल्ली)

2) कुतुबमीनार ________ फुट ऊँची है।

   (तीन सौ अड़तीस, दो सौ अड़तीस, चार सौ अड़तीस)

3) दीवाने-खास ________ से बना है।

   (संगमरमर, ईंट, लोहा)

VIII. जोड़कर लिखो:

1) विधानसौधा	हंपी	____________
2) चामुंडी पहाड़	मैसूरु	____________
3) कमल महल	विजयपुरा	____________
4) गोलगुम्बज़	बेंगलूरु	____________

IX. नमूने के अनुसार वर्तनी शुद्ध करो:

1) **राजाधनी** → **राजधानी**

2) बारत → ________

3) कर्यलय → ________

4) सारकार → ________

X. इन वर्णों को चुनकर शब्द बनाओ :

आ	दु	पा	व	न	क
म	का	न	ग	र	प
व	न	श	र	म	डा
शे	दी	रो	टी	ब	न
र	दी	सा	ग	र	ल

1) आम
2) ____
3) ____
4) ____
5) ____
6) ____
7) ____
8) ____
9) ____
10) ____

XI. पढ़ो, समझो और उन्हीं शब्दों को लिखो :

1) दिल्ली — दिल्ली
2) संगमरमर — ________
3) उद्‌यान — ________
4) प्रशंसा — ________
5) राष्ट्रपति — ________
6) व्यवस्था — ________
7) वस्तु संग्रहालय — ________
8) सत्कार — ________
9) शान्तिवन — ________
10) दर्शनीय स्थान — ________

पाठ से आगे -

* दिल्ली के समान भारत के अन्य ऐतिहासिक नगरों के बारे में जानकारी प्राप्त करो।
* दिल्ली के दर्शनीय स्थानों के चित्र देखकर पहचानो और उनके नाम लिखो:

____________________ ____________________



____________________ ____________________

पाठ 10

मेरी अभिलाषा है

M7D6H5

- द्वारिकाप्रसाद माहेश्वरी

इस कविता में सेवा, त्याग, सहनशीलता, दृढ़ता आदि जीवन-मूल्यों को अपनाने का संदेश है।

सूरज-सा दमकूँ मैं
चंदा-सा चमकूँ मैं
झलमल-झलमल उज्ज्वल
तारों-सा दमकूँ मैं
मेरी अभिलाषा है।

फूलों-सा महकूँ मैं
विहगों-सा चहकूँ मैं
गुंजित कर वन-उपवन
कोयल-सा कुहकूँ मैं
मेरी अभिलाषा है।

नभ से निर्मलता लूँ
शशि से शीतलता लूँ
धरती से सहिष्णुता
पर्वत से दृढ़ता लूँ
मेरी अभिलाषा है।

***

कवि परिचय :

ग्राम रोहता, आगरा, उत्तर प्रदेश में जन्मे द्वारिकाप्रसाद माहेश्वरी जी (1916-1998) अपने जीवन-काल में उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा 'बाल साहित्य पुरस्कार' और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 'सरस्वती साधना सम्मान' से पुरस्कृत हुए।

इनकी प्रमुख रचनाएँ हैं - 1) कविता संग्रह - फूल और शूल 2) खंडकाव्य- क्रौंचवध, सत्य की जीत 3) बाल काव्य कृतियाँ - वीर तुम बढ़े चलो, हम सब सुमन एक उपवन के, सोने की कुल्हाड़ी, कातो और गाओ, सूरज-सा चमकूँ मैं, बाल गीतायन।

शब्दार्थ :

अभिलाषा - इच्छा, चंदा - चंद्रमा, चमकना - प्रकाशित होना, झलमल - चमक-दमक, उज्ज्वल - प्रकाशमान, दमकना - चमकना, महकना - खुशबूदार होना, विहग - पक्षी, चहक - कलरव, नभ - आकाश, कुहकना - पक्षी का बोलना, दृढ़ - मज़बूत।

अभ्यास

I एक वाक्य में उत्तर लिखो:

1. कवि तारों के समान क्या करना चाहते हैं?
2. कवि कैसे चहकना चाहते हैं?

II रिक्त स्थानों की पूर्ति करो:

1. कवि शशि से __________ लेना चाहते हैं।
2. कवि पर्वत से __________ लेना चाहते हैं।

III सही उत्तर चुनो :

1. कवि द्वारिकाप्रसाद माहेश्वरी सूरज-सा ______ चाहते हैं।
   1) दमकना 2) हँसना 3) दौड़ना 4) भागना

2. कवि द्वारिकाप्रसाद माहेश्वरी कोयल-सा ______ चाहते हैं।
   1) गाना 2) बोलना 3) कुहकना 4) उड़ना

3. कवि द्वारिकाप्रसाद माहेश्वरी फूलों-सा ______ चाहते हैं।
   1) महकना 2) बहना 3) उमड़ना 4) उतरना-चढ़ना

IV प्रथम पाँच पंक्तियाँ कंठस्थ करो।

V सीखो :

फूल	कुहकता है
सूरज	महकता है
विहग	दमकता है
कोयल	चमकता है
चंदा	चहकता है

VI समझो और पूरा करो:

मुस्काना	मुस्काता है	मुस्काती है
गाना	________	________
जाना	________	________
________	________	देती है
________	हँसता है	________

VII शब्दों का खेल : आओ, अंत्याक्षरी खेलें । अंतिम वर्ण से चार चार नए शब्दों का निर्माण करो:

नमूना : महक → कमरा, राम, महल, लड़का

1. जीवन → ______ ______ ______ ______
2. सुन्दर → ______ ______ ______ ______
3. सेवा → ______ ______ ______ ______
4. हम → ______ ______ ______ ______

VIII वर्तनी शुद्ध करो:

1. अभिलषा ______
2. फुल ______
3. सुरज ______
4. परवत ______
5. नब ______

पाठ से आगे -

* दो दलों में बँटकर इस कविता का अभिनय के साथ वाचन करो।
* सूरज - चाँद जैसे तुम भी दूसरों की सेवा करना चाहते हो? कैसे? सोचो और कहो।

पाठ 11

समझदार राजू

U5P3U1

इस पाठ से बच्चे जानकारी प्राप्त कर सकते हैं कि मुसीबत के समय घबराना नहीं चाहिए और हिम्मत से काम लेना चाहिए।



राजू कक्षा-चार में पढ़ता था। वह बड़ा समझदार और बहादुर बच्चा था। उसके खेत के पास से रेल की पटरी गुज़रती थी। एक दिन वह अपने खेत से घर लौट रहा था। तभी उसकी नज़र एक टूटी हुई रेल की पटरी पर पड़ी। राजू घबरा गया और इधर-उधर देखने लगा ताकि वह किसी को इसके विषय में बता सके। लेकिन उसे आसपास कोई व्यक्ति नहीं दिखायी दिया। तभी उसे दूर से आती रेलगाड़ी दिखाई दी। वह चिंता में पड़ गया।

अगर वह गाड़ी रोकी नहीं गई तो अनेक लोगों की जानें चली जाएँगी। गाड़ी धीरे-धीरे उसी ओर बढ़ती चली आ रही थी।

अचानक उसको एक उपाय सूझा। उसने जल्दी से अपनी लाल कमीज़ उतारी और उसे एक डंडे से बाँधकर रेलगाड़ी की तरफ ज़ोर-ज़ोर से लहराने लगा। रेलगाड़ी के ड्राइवर ने उसे लाल कपड़ा लहराते हुए देख लिया। उसे किसी अनजान खतरे का अहसास हो गया और गाड़ी रोक दी।

अचानक गाड़ी रुकने से रेलगाड़ी के यात्री इधर-उधर देखने लगे। फिर जब उनको पता चला कि एक बच्चे की सूझ-बूझ से उनकी जान संकट में आने से बची है, तो सभी उसे शाबाशी देने लगे। बाद में गणतंत्र दिवस के अवसर पर उस बच्चे को बहादुरी के लिए स्कूल के प्रधानाचार्य द्वारा पुरस्कार दिया गया।

***

शब्दार्थ :

समझदार-सयाना, होशियार; पटरी-रेलवे मार्ग, व्यक्ति-आदमी, अचानक- एकाएक, अवसर-मौका, बहादुर-साहसी, नज़र- निगाह, दृष्टि; चिंता-सोच, फिकर; रुकना- ठहरना, पुरस्कार-इनाम ।

अभ्यास

I. एक वाक्य में उत्तर लिखो:

1) राजू कौन-सी कक्षा में पढ़ता था?

2) घर आते हुए राजू ने खेत में क्या देखा ?

3) राजू ने रेलगाड़ी रोकने के लिए क्या उपाय किया?

4) प्रधानाचार्य ने राजू को पुरस्कार क्यों दिया?

5) इस कहानी से हमें क्या सीख मिलती है?

II. सही कथन पर (✓) तथा गलत कथन पर (×) का चिह्न लगाओ :

1) राजू तीसरी कक्षा में पढ़ता था। ☐

2) राजू बहादुर और समझदार था । ☐

3) राजू की कमीज़ का रंग हरा था। ☐

4) रेलगाड़ी रुक गयी थी। ☐

5) राजू को प्रधानाचार्य ने पुरस्कर दिया। ☐

III. समानार्थक शब्दों का मिलान करो :

समझदार	निगाह
व्यक्ति	वीर
अवसर	आदमी
बहादुर	सयाना
नज़र	मौका

IV. विलोम शब्दों का मिलान करो :

समझदार	कायर
सुबह	चलना
आना	बेवकूफ
रुकना	शाम
बहादुर	जाना

V. खाली जगह भरो :

(लाल कमीज़, समझदार, बहादुर, गणतंत्र, रेलगाड़ी, सूझ-बूझ)

1) राजू बड़ा ____ और ____बच्चा था ।

2) उसे दूर से आती ____ दिखाई दी ।

3) वह अपनी ____ को लहराने लगा ।

4) एक बच्चे की ____ से यात्रियों की जान संकट में आने से बच गयी।

5) ____ दिवस के अवसर पर राजू को पुरस्कार दिया गया ।

VI. लघु कविता को पूर्ण करो :

चलती है रेलगाड़ी पटरियों पर
बोलो, चलती है ____ और ____ सड़क पर
चलती है नाव और जहाज़ पानी पर
सोचकर बोलो, चलती है हवाई जहाज़ ____ पर ।

VII. वचन बदलो, वाक्य बदलो :

1) उनकी जान संकट में आने से बच गयी।
2) उसको एक उपाय सूझा ।
3) वह अपने खेत से घर लौट रहा था।
4) उसे आसपास कोई व्यक्ति दिखाई नहीं दिया।
5) जब उनको पता चला तो वे शाबाशी देने लगे ।

VIII. भारत देश में गणतंत्र दिवस के अलावा और किन-किन दिनों को राष्ट्रीय त्योहार के रूप में मनाया जाता है ?

एक सूची बनाकर लिखो :

नमूना :

त्योहार	दिनांक
गणतंत्र दिवस	26 जनवरी

IX. कन्नड या अंग्रेज़ी में अनुवाद करो :

अ) उसकी नज़र एक टूटी हुई रेल की पटरी पर पड़ी ।

आ) उसे आसपास कोई व्यक्ति दिखाई नहीं दिया।

इ) गाड़ी धीरे-धीरे उसी ओर बढ़ती चली आ रही थी।

ई) उसे किसी अनजान खतरे का अहसास हो गया।

उ) रेलगाड़ी के यात्री इधर-उधर देखने लगे ।

ऊ) राजू को बहादुरी के लिए स्कूल के प्रधानाचार्य ने पुरस्कार दिया।

X•. नीचे लिखे शब्दों को अकारादि क्रम में लिखो :

उदाहरण : अनजान, अहसास,

संकट, गणतंत्र, रेलगाड़ी, अनजान, पुरस्कार

अहसास, कपड़ा, बहादुरी, हिम्मत, घबराना

मुसीबत, शाबाशी, समझदार, पटरी, कक्षा

व्यक्ति, लाल, उपाय, कमीज़, चिंता

XI. सोचो और लिखो:

उदाहरण : पर

________ ________

________ ________

________ ________

________ ________

भाषा-ज्ञान

लिंग

उदाहरण : माँ बाज़ार जा रही है।

लड़का पढ़ रहा है।

लड़की खेल रही है।

पिताजी फोन पर बात कर रहे हैं।

शब्द के जिस रूप से स्त्री जाति अथवा पुरुष जाति का बोध हो, उसे लिंग कहते हैं।

लिंग के दो रूप हैं

स्त्रीलिंग	:	**पुल्लिंग**
छात्रा	:	छात्र
आचार्या	:	आचार्य
पुत्री	:	पुत्र
सखी	:	सखा
घोड़ी	:	घोड़ा

विशेष सूचना
हिंदी भाषा में नपुंसक लिंग नहीं है।

पाठ से आगे -

* तुमने या तुम्हारे दोस्तों ने भी राजु की तरह दूसरों की मदद की होगी। आपस में बातचीत करो और पाँच वाक्यों में लिखो ।

* ‘‘समझदारी और बहादुरी से व्यक्ति सफलता प्राप्त कर सकता है’’ - किसी भी ऐसे व्यक्ति का विवरण संग्रहीत करो, जिसके लिए उपर्युक्त वाक्य उचित हो ।

पाठ 12

मित्र के नाम पत्र

W8H6P4

कुमार,
घर संख्या 245
मदकरि मार्ग, चित्रदुर्ग
दिनांक 3.3.2017

प्रिय मित्र प्रतीक,

सप्रेम नमस्ते।

हम सब यहाँ सकुशल हैं। आशा करता हूँ कि तुम सब सानंद होंगे। मेरी पढ़ाई अच्छी तरह चल रही है। तुम अपनी पढ़ाई के बारे में लिखो।

छुट्‌ठियों में, मैं माता-पिता के साथ मैसूरु गया था। वहाँ मैंने चामुंडी पहाड़, चिड़ियाघर, राजमहल, बृंदावन बगीचा, ललित महल आदि को देखा। तुमने कभी मैसूरु देखा है ? वह सचमुच सुंदर नगर है। तुम भी अपने माता-पिता के साथ मैसूरु जा सकते हो।

सबको मेरा प्रणाम कहना।

धन्यवाद।

तुम्हारा प्रिय मित्र,
कुमार

प्रतीक डी.एस,
घर संख्या : 633,
कुवेम्पु मार्ग,
कलबुरगि।

***

शब्दार्थ :

आशा-उम्मीद, चिड़ियाघर - प्राणी संग्रहालय।

अभ्यास

I. प्रश्नों के उत्तर लिखो :

1) किसने किसको पत्र लिखा?
2) चामुंडी पहाड़ कहाँ है?
3) मैसुरु कैसा नगर है?
4) कुमार कहाँ रहता है?
5) प्रतीक किस मार्ग पर रहता है?
6) कुमार मैसुरु कब गया था?

II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखो :

1) कुमार किसके साथ मैसूरु गया था और उसने वहाँ क्या-क्या देखा?
2) कुमार ने प्रतीक को क्या सलाह दी?

III. किन वाहनों में टिकट लिया जाता है और तुमने किनमें सवारी की है। "✓" चिह्न लगाओ:

वाहन	टिकट लेना है	सवारी की है।
रिक्शा		
बस		
रेलगाड़ी		
साइकिल		
बैलगाड़ी		
स्कूटर		
कार		

IV. अन्य लिंग रूप लिखो :

1) माता ________
2) लड़का ________
3) देव ________
4) स्त्री ________

V. बहु वचन रूप लिखो :

1) बच्चा ________
2) कपड़ा ________
3) किताब ________
4) रास्ता ________
5) नदी ________

VI. मैसूरु के बारे में पाँच वाक्य लिखो :

____
____
____
____
____

VII. परीक्षा में तुम प्रथम श्रेणी में पास हुए। इसको सूचित करते हुए मित्र के साथ किए जानेवाले वार्तालाप लिखो:

मैं - हैलो!
मित्र - ________________
मैं - ________________

मित्र - ______________

मैं - ______________

मित्र - ______________

मैं - ______________

मित्र - ______________



भाषा-ज्ञान

वाक्य बनाओः

	स्त्रीलिंग	पुल्लिंग
उदाः	1) मैं स्कूल जाऊँगी।	1) मैं स्कूल जाऊँगा ।
	2) ______________	2) ______________

3) ______________ 3) ______________

4) ______________ 4) ______________

5) ______________ 5) ______________

6) ______________ 6) ______________



VIII बिन्दुओं को जोड़कर डाक-डिब्बे का चित्र बनाओ:

सूचना : पहले संदेश पहुँचाने के लिए कबूतरों का उपयोग किया जाता था।

पाठ से आगे -

* फूल और पत्तों को सुखाकर एक बधाई कार्ड तैयार करो और अपने प्रिय मित्र की वर्षगाँठ पर भेंट करो। (**आवश्यक सामग्री** - रंग बिरंगी पेंसिल, कार्ड बोर्ड, सूखे पत्ते, फूल और गोंद।)

पाठ 13

बोल उठी बिटिया

K4K3M2

इस कविता में बिटिया की तुतली बोली और मौज से मिट्टी खाने के प्रसंग का वर्णन है। बेटी की मंजुल मूर्ति देखकर खिल उठनेवाली माँ की ममता का सहज चित्रण भी है।

मैं बचपन को बुला रही थी,
बोल उठी बिटिया मेरी;
नंदनवन-सी फूल उठी,
यह छोटी-सी कुटिया मेरी।

‘माँ ओ’ कहकर बुला रही थी,
मिट्टी खाकर आयी थी;
कुछ मुँह में, कुछ लिये हाथ में,
मुझे दिखाने लाई थी।

पुलक रहे थे अंग दृगों में,
कौतूहल था छलक रहा;
मुँह पर भी आह्लाद लालिमा,
विजय गर्व था झलक रहा।

***

कवि परिचय :

सुभद्रा कुमारी चौहान हिन्दी की प्रसिद्ध कवयित्री हैं। आपका जन्म 1904 में हुआ और मृत्यु 1948 को एक कार दुर्घटना में हुई। आपकी काव्य पंक्तियाँ

‘खूब लड़ी मर्दानी वह तो झाँसीवाली रानी थी’ प्रसिद्ध हैं। ‘मुकुल’ आपका कविता संग्रह है। इसके अलावा आपका कहानी संकलन और शिशु साहित्य भी प्रकाशित है।

शब्दार्थ :

कुटिया-कुटीर, ‘माँ ओ’- माँ ओ माँ, कौतूहल-आश्चर्य, प्रबल इच्छा; छलकना-उमड़ना, आह्लाद-आनंद, हर्ष ; लालिमा-प्रसन्नता, लाल रंग; झलकना-प्रकट होना।

अभ्यास

I. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो :

1) बिटिया क्या कहकर बुला रही थी?

2) बिटिया क्या खाकर आयी थी ?

3) बिटिया की आँखों में क्या छलक रहा था?

II. इस पद्य भाग को पूरा करो:

मैं बचपन को ________________,

____________________________;

____________________________,

_________________ कुटिया मेरी।

III. उदाहरण के अनुसार लिखो:

1) वह दूध बेचती थी। — वे दूध बेचती थीं।
   वह चित्र बनाती थी। — ____________________

2) मैं अंड़े लाता हूँ। — हम अंडे लाते हैं।
   मैं पुस्तक पढ़ता हूँ। — ____________________

3) मैंने फल खाया। — हमने फल खाए।
   मैंने नींबू खरीदा। — ____________________

4) तुम दूध पिओगे। — आप दूध पियेंगे।
   तुम मिठाई खाओगे। — ____________________

IV. उदाहरण के अनुसार तुकांत शब्द चुनकर लिखो :

(गिराया, पेड़, बच्चे, जाते, पान)

उदाहरण : बाल - चाल

जान - __________

उठाया - __________

आते - __________

भेड़ - __________

सच्चे - __________

V. कविता कंठस्थ करो।

VI. कविता से तुकांत शब्दों को चुनकर लिखो।

उदाहरण :	बचपन	-	नंदनवन
	बिटिया	-	____________
	आयी	-	____________
	फूल	-	____________
	छलक	-	____________

VII. विलोम शब्दों का मिलान करो:

वरदान	दुःख
सुख	अभिशाप
बलवान	अपवित्र
धनी	शाम
जीवन	उतना
सुबह	मरण
इतना	निर्धन
पवित्र	बलहीन

पाठ से आगे –

* तुम्हारी माँ के साथ तुम क्या-क्या खेल खेलते हो-याद करो और लिखो।
* अपने मित्रों के साथ ऐसे अनुभवों की चर्चा करो।
* अभिनय के साथ इस कविता का वाचन करो।

पाठ 14

अक्ल चली, बला टली

J9S9L2

यह एक नीतिबोधक कहानी है। कबूतरों के दाने खाने के लोभ में जाल में फँसना, मिलकर जाल को ही उठाकर उड़ना और चूहे की मदद से जाल को काटना आदि का रोचक वर्णन है। इसमें एकता से लाभ की सीख मिलती है।



जंगल में पीपल का एक पेड़ था। उस पेड़ पर बहुत-से कबूतर रहते थे। कबूतर दिनभर भोजन की खोज में घूमते रहते थे। रात होने पर वे सब पीपल के पेड़ पर लौट आते थे। वे पेड़ पर रातभर आराम करते थे।

एक दिन की बात है। कबूतर भोजन की खोज में गए। थोड़ी दूर उड़ने पर एक छोटा कबूतर बोला, ''देखो, उधर देखो। कितने दाने बिखरे पड़े हैं। धरती पर कितने दाने बिखरे पड़े हैं !''

कबूतर उधर देखने लगे। उन्हें धरती पर बहुत-से दाने दिखाई पड़े। कबूतर धीरे-धीरे नीचे उतरने लगे।

तभी एक बूढ़ा कबूतर बोला, "ठहरो, ठहरो अभी मत उतरो। जंगल में इतने दाने कहाँ से आए?"

एक दूसरा कबूतर बोला, "कहीं से भी आये हों। आओ, हम सब मिलकर दाने खाएँ।"

कबूतर धरती पर उतरने लगे। पर बूढ़ा कबूतर उनके साथ नहीं गया। कबूतर दाने चुगने लगे। वह दूर से ही देखता रहा। कबूतरों ने पेटभर दाने खाए। अब वे उड़ना चाहते थे, पर उड़ न सके। वे जाल में फँस गए थे।

तभी एक कबूतर चिल्लाने लगा, "उधर देखो, कोई आ रहा है। अरे! वह तो बहेलिया है। वह हमें पकड़ने आ रहा है।"

बूढ़ा कबूतर बोला, "घबराओ मत, सब मिलकर ज़ोर लगाओ और एक साथ जाल को लेकर उड़ चलो।"



सभी कबूतरों ने मिलकर ज़ोर लगाया। जाल कुछ ऊँचा उठा। कबूतरों ने और ज़ोर लगाया। जाल और ऊँचा उठ गया।

अब कबूतर जाल लेकर उड़ने लगे। बूढ़ा कबूतर आगे-आगे उड़ रहा था। सब कबूतर उसके पीछे उड़ने लगे।

बूढ़ा कबूतर उन्हें लेकर बहुत दूर उड़ गया। उसने एक पेड़ की तरफ इशारा किया। वह बोला, ''इस पेड़ के नीचे उतर जाओ। यहाँ एक चूहा रहता है। वह मेरा मित्र है। वह हमारी मदद करेगा।''

बूढ़ा कबूतर चूहे को बुला लाया। चूहे ने जाल काट दिया। कबूतर जाल से निकल आए। उन्होंने चूहे को धन्यवाद दिया।



***

शब्दार्थ :

खोजना - ढूँढ़ना, बहेलिया - चिड़ीमार, पशुपक्षियों को पकड़नेवाला; घूमना - चारों ओर फिरना, घबराना - भयभीत होना, लौटना - वापस आना, एकता - मिलजुलकर रहना, मदद - सहायता, धरती - ज़मीन।

अभ्यास

I. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो:

1) पीपल का पेड़ कहाँ था ?
2) कबूतर दिनभर क्यों घूमते थे ?
3) वे रातभर कहाँ आराम करते थे ?
4) कबूतरों को धरती पर क्या दिखाई पड़ा ?
5) जाल किसने बिछाया था ?
6) क्या बूढ़ा कबूतर भी जाल में फँस गया ?
7) बूढ़े कबूतर का मित्र कौन था ?
8) कबूतरों की मदद किसने की ?
9) इस पाठ से हमें क्या सीख मिलती है ?

II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखो:

1) कबूतर दाना खाने जाते तो बूढ़े कबूतर ने उनको क्यों रोका ?
2) कबूतर जाल में क्यों फँस गये ?
3) चूहे ने कबूतरों की मदद किस प्रकार की ?

III. अन्य वचन लिखो:

1) पेड़ - __________ 2) बात - __________
3) कबूतर - __________ 4) दाना - __________
5) चूहा - __________

IV. विलोम शब्द लिखो :

1) एकता x ________ 2) दिन x ________

3) दूर x ________ 4) उतरना x ________

5) आगे x ________

V. कन्नड़ या अंग्रेज़ी में अनुवाद करो:

1) जंगल में पीपल का एक पेड़ था।

____

2) कबूतर धरती पर उतरने लगे।

____

3) बूढ़ा कबूतर चूहे को बुला लाया।

____

VI. समान अर्थवाले शब्दों को पहचानकर उदाहरण के अनुसार लकीर खींचो :

खोजना	-	पक्षी
मित्र		सहायता
मदद	-	ढूँढ़ना
धरती	-	खाना
भोजन	-	भूमि
चिड़िया	-	दोस्त

VII. कोष्ठक में दिए गए शब्दों से खाली जगहों को भरो :

(बहेलिया, डॉक्टर, धोबी, दर्ज़ी, बढ़ई)

उदा : इलाज करनेवाला डॉक्टर।

1) कपड़े सीनेवाला ________ ।

2) लकड़ी की चीज़ें बनानेवाला ______ ।

3) चिड़िया पकड़नेवाला ______ ।

4) कपड़े धोनेवाला ______ ।

VIII. बच्चो, ज़रा बताओ मैं कौन हूँ ?

1) मैं मधुर गाती हूँ ______

2) मैं सुन्दर नाचता हूँ ______



3) मैं शांति का प्रतीक हूँ ______

4) मैं पानी में तैरता हूँ ______



5) मेरी नाक लाल है ______

IX. नमूने के अनुसार खाली जगह भरो :

नमूना : कबूतर दाना चुग रहे हैं।

कबूतर दाना चुगने लगे। (चुगना)

1) कबूतर धरती पर ________________।

कबूतर धरती पर ________________। (उतरना)

2) चूहे जाल ________________।

चूहे जाल ________________ (काटना)।

3) कबूतर जाल लेकर _________ ।

कबूतर जाल लेकर _________ (उड़ना)।

भाषा-ज्ञान

पाठ के आधार पर, तालिका की सहायता से वाक्य बनाओ :

1) कबूतर	चूहे को	नहीं गया
2) बूढ़ा कबूतर	भोजन की	काट दिया
3) उसने	जाल	धन्यवाद दिया
4) चूहे ने	उनके साथ	तरफ़ इशारा किया
5) उन्होंने	एक पेड़ की	खोज में गए

नमूना : कबूतर भोजन की खोज में गए।

1) ____________________________________ ।

2) ____________________________________ ।

3) ____________________________________ ।

4) ____________________________________ ।

वचन

उदाहरण

✻ घोड़ा दौड़ता है।	घोड़े दौड़ते हैं ।
✻ मैं चाय पी रही हूँ।	हम चाय पी रही हैं
✻ बच्चा सो रहा है।	बच्चे सो रहे हैं।

शब्द के जिस रूप से उसके एक या अनेक होने का बोध होता है, उसे **वचन** कहते हैं।

वचन के दो भेद हैं

एकवचन		**बहुवचन**
पत्ता हिल रहा है।	:	पत्ते हिल रहे हैं।
दादी कहानी सुना रही है।	:	दादी कहानियाँ सुना रही हैं।
लड़की गाना गा रही है।	:	लड़कियाँ गाना गा रही हैं।
कुत्ता भौंकता है।	:	कुत्ते भौंकते हैं।

पाठ से आगे -

"एकता में बल है" - इस नीति को बतानेवाली अन्य कहानियाँ पढ़ो और कक्षा में सुनाओ।

पाठ 15

गिनती 71 - 100

Y1Q7F6

71	७१	इकहत्तर	86	८६	छियासी
72	७२	बहत्तर	87	८७	सत्तासी
73	७३	तिहत्तर	88	८८	अठासी
74	७४	चौहत्तर	89	८९	नवासी
75	७५	पचहत्तर	90	९०	नब्बे
76	७६	छिहत्तर	91	९१	इक्यानबे
77	७७	सतहत्तर	92	९२	बानबे
78	७८	अठहत्तर	93	९३	तिरानबे
79	७९	उन्नासी	94	९४	चौरानबे
80	८०	अस्सी	95	९५	पंचानबे
81	८१	इक्यासी	96	९६	छियानबे
82	८२	बयासी	97	९७	सत्तानबे
83	८३	तिरासी	98	९८	अट्ठानबे
84	८४	चौरासी	99	९९	निन्यानबे
85	८५	पचासी	100	१००	सौ

अभ्यास

ध्यान से पढ़ो और याद रखो:

100	-	सौ
1000	-	हज़ार
10,000	-	दस हज़ार
1,00,000	-	लाख
10,00,000	-	दस लाख
1,00,00,000	-	करोड़

नमूने के अनुसार खाली जगहों को भरो:

नमूना : 81	८१	**इक्यासी**
76	______	छिहत्तर
85	८५	________
______	______	निन्यानबे
______	८७	________
79	______	________
98	______	अट्ठानबे
100	१००	________

क्रम सूचक संख्याएँ :

पहला, दूसरा, तीसरा, चौथा, पाँचवाँ, छठा, सातवाँ, आठवाँ, नवाँ, दसवाँ।

भिन्नार्थक संख्याएँ :

एक चौथाई (पाव)	¼	पौने दो	1¾
आधा	½	सवा दो	2¼
पौना	¾	ढाई (अढ़ाई)	2½
सवा	1¼	पौने तीन	2¾
डेढ़	1½	सवा तीन	3¼
		साढ़े तीन	3½

पाठ 16

बूँद-बूँद से सागर

- केदारनाथ कोमल

F6A6A2

इस कविता के द्वारा छात्र सीख सकते हैं कि छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देने से बड़े-बड़े सार्थक काम बनते हैं, जिससे धरती पर सुख-संतोष छा जाता है।

बूँद-बूँद के मिलने से
बन जाता है सागर,
सूत-सूत के मिलने से
बन जाती है चादर।

मिनट-मिनट ही तो मिलकर
बन जाता है साल,
तन-मन से तुम डटे रहो
हल होंगे सभी सवाल।



पैसा-पैसा जोड़ो तो
बन जाओगे धनवान,
थोड़ा-थोड़ा चलकर ही तो
देख सकोगे हिन्दुस्तान।

अच्छे-अच्छे काम करो
और बातें प्यारी-प्यारी,
देश हमारा झूम उठेगा
नाच उठेगी धरती सारी।

***

कवि परिचय :

प्रस्तुत कविता के कवि हैं श्री केदारनाथ कोमल। आप हिन्दी के समकालीन कवियों में प्रसिद्ध हैं। 'बूँद-बूँद से सागर' कविता "आशा की किरण" कविता संग्रह से ली गयी है।

इस कविता में देश की एकता को ध्यान में रखा गया है। एकता में बल है। यही कविता का आशय है।

शब्दार्थ :

सागर - समुद्र, सूत - रुई का धागा, धरती - भूमि, डटे रहना-अटल रहना।

अभ्यास

I. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो:

1) सागर कैसे बनता है ?
2) हम धनवान कैसे बन सकते हैं ?
3) साल कैसे बनता है ?
4) हिन्दुस्तान की यात्रा कैसे करोगे ?

II. इस पद्य भाग को पूर्ण करो:

बूँद-बूँद के ________________

____

____

________________________ चादर।

III. जोड़कर लिखो :

अ	आ
1) बूँद-बूँद के मिलने से	बन जाओगे धनवान
2) मिनट-मिनट ही मिलकर	और बातें प्यारी-प्यारी
3) पैसा-पैसा जोड़ो तो	बन जाता है सागर
4) अच्छे-अच्छे काम करो	बन जाता है साल

IV. सही वर्णों से खाली जगह भरो:

पानी	**ज**	**ल**		
सागर	स		द्र	
हिन्दुस्तान	भा	र		
धरती		मि		
आकाश	आ			न

V. कोष्ठक में से सही शब्द चुनकर खाली स्थान भरो :

1) ________ पानी में रहती है।

(मछली, कोयल, बैल)

2) एकता में ________ है।

(फल, बल, जल)

3) हमारे राष्ट्रीय झंडे में ________ रंग हैं।

(दो, आठ, तीन)

VI. इस कविता की प्रथम आठ पंक्तियाँ कंठस्थ करो।

VII. पानी में और पानी के बाहर रहनेवाले प्राणियों का वर्गीकरण करो :

1) मछली
2) बाघ
3) कछुआ
4) सियार
5) मेंढ़क
6) मगरमच्छ
7) हाथी
8) शेर
9) बिल्ली
10) केकड़ा
11) गाय
12) ऑक्टोपस (अष्टपदि)

पानी में रहनेवाले प्राणी

1) ________ 4) ________

2) ________ 5) ________

3) ________ 6) ________

पानी के बाहर रहनेवाले प्राणी

1) ________ 4) ________

2) ________ 5) ________

3) ________ 6) ________

VIII. इन रंगों को पहचानो और उनका नाम लिखो:



IX. नमूने के अनुसार लिखो:

बोल	**+ ई**	**= बोली**		**सफल**	**+**	**ता**	**=**	**सफलता**
अभिमान	+ ई	=		नम्र	+	ता	=	
उपकार	+ ई	=		सुंदर	+	ता	=	
ज्ञान	+ ई	=		दीन	+	ता	=	
सावधान	+ ई	=		संपन्न	+	ता	=	
जवान	+ ई	=		सम	+	ता	=	

X. नमूने के अनुसार मिलान करो:

भेड़	चराने	वाला	रसोइया
गाय	चराने	वाला	किसान
खेती	करने	वाला	ग्वाला
कपड़ा	सीने	वाला	गड़रिया
रसोई	बनाने	वाला	दर्ज़ी

पाठ से आगे -

इस कविता का भाव कक्षा में गद्य रूप में बताओ।

पाठ 17

सिकंदर और पुरुरवा

(एकांकी)

E9X1Y6

-संकलित

यह एक ऐतिहासिक एकांकी है। इसमें पुरुराजा की वीरता, देशभक्ति एवं एकता को चित्रित किया गया है। इस पाठ से बच्चे राष्ट्रप्रेम की भावना अपना सकते हैं।

(स्थान-सिकंदर की सेना का शिविर। यवन सेनापति, बंदी पुरुराजा के साथ प्रवेश करता है।)

सेनापति - सम्राट की जय हो !

पुरुराजा - मैं भारतवीर, यवनराजा का अभिवादन करता हूँ।

सिकंदर - अहो, बन्दी होने पर भी अपने को वीर मानते हो पुरुराजा।

पुरुराजा - यवनराजा, सिंह तो सिंह ही है, चाहे वन में हो या पिंजरे में। जय या पराजय, हर स्थिति में वीर वीर ही होता है।

सिकंदर - (व्यंग्य की हँसी के साथ) मेरी मैत्री-संधि को अस्वीकार करने से तुम्हारा क्या तात्पर्य है पुरुराजा?

पुरुराजा - अपने राज्य की रक्षा और आत्मसम्मान की रक्षा। तुम मित्रता द्वारा भारत को तोड़कर भारत जीतना चाहते हो।

सिकंदर - तुम्हारा वचन सत्य के विरुद्ध है। यहाँ राजा लोग आपस में द्वेष करते हैं।

पुरुराजा - यह आपका विचार होगा। बाहरी शक्ति का हस्तक्षेप किसी भी भारतीय के लिए असहनीय है, यवनराजा ! भारत की एकता सुदृढ़ है।

सिकंदर - मतलब, मेरी भारत-विजय कठिन है ?

पुरुराजा - कठिन ही नहीं, असंभव है।

सिकंदर - (क्रोध के साथ) रे दम्भी! क्या तुम नहीं जानते कि इस समय तुम विश्व-विजयी सिकंदर के सामने हो।

पुरुराजा - जानता हूँ, किन्तु सत्य तो सत्य ही है यवनराजा ! हम भारतीयों के लिए जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी।

सिकंदर - (कुछ सोचकर) पुरुराजा, तुम हमारे बन्दी हो। बोलो, तुम्हारे साथ कैसा व्यवहार होना चाहिए?

पुरुराजा - जो एक वीर दूसरे वीर के प्रति करता है।

सिकंदर - (पुरूरवा के वीर भाव से हर्षित होकर) ठीक है वीर ! निश्चय ही तुम वीर हो। धन्य है तुम्हारी मातृभूमि। (सेनापति को देखकर) सेनापति !

सेनापति - सम्राट !

सिकंदर - वीर पुरुराजा की बेड़ियाँ खोल दो। वीर पुरुराजा ! आज से हम मित्र हैं।

(सिकंदर पुरुराजा का आलिंगन करता है।)

***

शब्दार्थ :

शिविर - सेना का पड़ाव, अभिवादन - नमस्कार, प्रणाम ; पराजय - हार, मैत्री - दोस्ती, अस्वीकार - तिरस्कार, असंभव - असाध्य, नामुमकिन; व्यवहार-बर्ताव, बेड़ियाँ-जंजीर, हथकड़ियाँ ; सम्राट - चक्रवर्ती, सुदृढ़-सबल, मज़बूत; यवन - यूनान देश के निवासी, दंभी-पाखंडी, घमंडी; जननी-माता, स्वर्गादपि गरीयसी - स्वर्ग से श्रेष्ठ।

टिप्पणी: 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी' - जननी और जन्मभूमि स्वर्ग से भी श्रेष्ठ हैं।

अभ्यास

I. इन प्रश्नों के उत्तर दो : (मौखिक)

1) शिविर में कौन प्रवेश करता है?
2) पुरुराजा क्या कहकर सिकंदर का अभिवादन करता है?
3) पुरुराजा सिकंदर की मैत्री-संधि को क्यों अस्वीकार करता है?
4) सिकंदर भारत को कैसे जीतना चाहता था?
5) सिंकदर के लिए किस पर विजय पाना कठिन था?
6) किसके लिए भारत-विजय कठिन है?

II. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो :

1) यवन सेनापति कहाँ प्रवेश करता है?
2) भारतवीर किसका अभिवादन करता है?
3) बन्दी होने पर भी अपने को कौन वीर मानता है?
4) किस स्थिति में भी वीर, वीर ही होता है?
5) सिकंदर की मैत्री-संधि को कौन अस्वीकार करता है?
6) भारत को तोड़कर उसे कौन जीतना चाहता था?
7) भारत की एकता कैसी है?
8) कौन पुरुराजा का मित्र बना?

III. अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करो:

सीकंदर ____________	पूरुराजा ____________
भाारात ____________	दंबी ____________
बिजय ____________	टीक ____________

IV. जोड़कर लिखो:

1)	पुरुराजा	गरीयसी	____________
2)	सिकंदर	सेनापति	____________
3)	यवन	भारतवीर	____________
4)	स्वर्गादपि	विश्व-विजयी	____________

V. वाक्य पूरा करो:

1) सिंह तो ________ ही है।

2) हर स्थिति में वीर ________ ही होता है।

3) तुम ________ द्वारा जीतना चाहते हो।

4) भारत की एकता ________ है।

5) आज से हम ________ हैं।

VI. कन्नड या अंग्रेज़ी में अनुवाद करो:

1) मैं भारतवीर, अभिवादन करता हूँ।

____

2) भारत की एकता सुदृढ़ है।

____

3) विजय पाना कठिन ही नहीं, असंभव है।

____

4) तुम्हारा वचन सत्य के विरुद्ध है।

____

भाषा-ज्ञान

VII. समानार्थक शब्द लिखो:

उदाहरण : बलवान - ताकतवर

अधिक ______________ शरीर ______________

फायदा ______________ सर्दी ______________

नमस्कार ______________ विचार ______________

VIII. अन्य लिंग रूप लिखो:

सिंह ______________ राजा ______________

सम्राट ______________ जननी ______________

आदमी ______________ नौकर ______________

IX. विलोम शब्द लिखो:

सत्य x ______________ विजय x ______________

मित्र x ______________ कठिन x ______________

स्वर्ग x ______________ बन्धन x ______________

X. प्रेरणार्थक शब्द लिखो:

उदाहरण : चलना, चलाना

करना ______________ बनना ______________

पढ़ना ______________ दौड़ना ______________

चरना ______________ उठना ______________

XI. चार विशेषण शब्द लिखो:

उदाहरण : सुंदर

____

____

____

____

XII. अन्य वचन रूप लिखो:

बेड़ी	_______________	देश	_______________
सेना	_______________	पिंजरा	_______________
माला	_______________	वस्तु	_______________

पाठ से आगे -

* इस एकांकी का अभिनय कक्षा में करो।
* कक्षा में रानी चेन्नम्मा और थ्याकरे के बीच का वार्तालाप प्रस्तुत करो।

पूरक वचन

वचन

-बसवण्णा

(1)

चोरी न करना,
हत्या न करना
झूठ कभी न बोलना भैया ।
क्रोध न करना, घृणा न करना
अपना बखान कभी न करना
दूसरों की निंदा, कभी न करना ।
अंतर की शुद्धि यही है भैया
बाहर की भी शुद्धि यही ।
रिझाने की रीति यही है
हमारे कूडल संगमदेव को ।

(2)

पानी देखते ही डुबकी लगाते हैं
पेड़ देखते ही परिक्रमा करते हैं
सूखते जल को सूखते पेढ़ को
चाहनेवाले, आपको कैसे जानेंगे?
कूडल संगमदेव ।

***

बसवण्णा कर्नाटक के बारहवीं शती के संत और शरण थे। उनके वचन भक्तिपरक ही नहीं, सभी प्रकार के भेदभाव से मुक्त होने का संदेश भी देते हैं। उनके उपदेश सबके लिए हैं और सब के उद्धार के लिए हैं।

पहले वचन में चोरी न करना, हत्या न करना, झूठ न बोलना, क्रोध, घृणा, अपनी प्रशंसा, दूसरों की निंदा आदि न करना - यह सीख मिलती है। बसवण्णा कहते हैं यही अंतरंग की शुद्धि है और बाहर की शुद्धि भी यही। यही भगवान से प्रेम करने का मार्ग है।

दूसरे वचन में बसवण्णा कहते हैं कि जो लोग नदी देखते ही डुबकी लगाकर स्नान करनेवाले हैं और पेड़ देखते ही प्रदक्षिणा करते हैं, वे भक्त हैं, वे आपको कैसे समझेंगे कूडल संगमदेव। सच्ची भक्ति में दिखावे की आवश्यकता नहीं।

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो :

1) प्रथम वचन में बसवण्णा जी क्या-क्या न करने के बारे में कहते हैं?

2) बसवण्णा जी के वचन किस प्रकार का संदेश देते हैं ?

3) बसवण्णा जी किनको मूढ़ भक्त कहते हैं ?